डाक पंजीयन क्र. ई-2/ओ.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 30.11.2020 से 06.12.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-48 ▶ मूल्य ₹10.00

कोरोना वैक्सीन वितरण के लिए राज्य बनायें योजना - प्रधानमंत्री

"भोपाल, भारत के साथ ही अन्य देशों में भी कोरोना से बचाव के लिये वैक्सीन बनाने के प्रयास हो रहे हैं। यह कार्य आखिरी दौर में है। भारत जो भी वैक्सीन देगा वो वैज्ञानिक कसौटी पर खरी होगी और इसके उपयोग की देशव्यापी व्यवस्था होगी। राज्यों द्वारा भी सजग और सक्रिय रहकर कोरोना से बचाव, रोगियों के उपचार और भविष्य की स्थिति के संबंध में अच्छा कार्य किया गया। हम आपदा के गहरे समंदर से निकलकर किनारे की तरफ बढ़ रहे हैं। कहीं किसी शायर की यह पंक्तियां चरितार्थ न हों, कि हमारी कश्ती भी वहीं डूबी, जहां पानी कम था। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 वैक्सीन वितरण के संबंध में राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा चर्चा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री को मध्यप्रदेश में की गई तैयारियों की जानकारी दी।"

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को कोरोना वैक्सीन के वितरण की तैयारियों की जानकारी देते हुये।

राज्य संचालन समिति गठित

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य में टीकाकरण कार्य सुचारु रूप से किया जाएगा। इसकी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। राज्य संचालन समिति बनाई जा चुकी है। यह समिति मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनाई गई है। जिला टास्क फोर्स भी बना दिए गए हैं। ब्लॉक स्तर पर भी टॉस्कफोर्स गठित होंगे।

समाज की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि टीकाकरण कार्य में समाज को भी शामिल किया जाएगा। सामाजिक संगठन जैसे एनसीसी, एनएसएस और युवाओं का सहयोग लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से बचाव की वैक्सीन प्राथमिकता से किन लोगों को लगाई जाए, यह भारत सरकार द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जब कोरोना शुरू हुआ कुछ देशों में समस्या बहुत गंभीर थी। विशाल जनसंख्या वाले भारत देश में हमारा प्रयास था कि कम से कम नुकसान हो। इसमें सफलता भी मिली है। सभी को जागरूक होना होगा, ढिलाई बिल्कुल न हो, वैक्सीन आने में देर नहीं है लेकिन तब तक सभी सावधानियों का पालन करना ही है। वैक्सीन निर्माण के संदर्भ में भारत सरकार निरंतर नजर रखे हुए है। वैक्सीन आने के पश्चात किसे कितना डोज़ देना होगा, यह तय नहीं है। हमें वैश्विक संदर्भ में आगे बढ़ना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहारों के पहले भी मैंने अपने संदेश में कहा था कि कहीं ढिलाई खतरा न बने, सभी सजग रहें। भय समाप्त होने से लापरवाही बढ़ने की स्थिति बनती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने चार चरण में कोरोना की स्थिति देखी है। प्रथम चरण में भय था। द्वितीय चरण में भय के साथ संदेह भी जुड़ गया। घर के सदस्यों से भी संक्रमण का भय होता था। इसके साथ ही लोग संक्रमण की बात छिपाने भी लगे थे। तृतीय चरण में समस्या को स्वीकार कर लोग संभलने लगे। अब चौथे चरण में काफी गंभीर और सजग हो गए हैं। रिकवरी रेट बढ़ने से लापरवाही नहीं बढ़ना चाहिए। टेस्टिंग की सुविधा का उपयोग करते हुए पॉजिटिविटी रेट को कम करना है। आइसोलेशन रोगियों की निरंतर मॉनीटरिंग, वैक्सीन के लिए सप्लाई व्यवस्था और जागरूकता अभियान में कोई कमी नहीं होना चाहिए। एक भी मृत्यु कहीं होती है तो उसके कारणों तक पहुंचना है। कोरोना से लड़ाई में प्रारंभ से एक-एक व्यक्ति को बचाने का प्रयास है। यह हमारा संकल्प भी है। श्री मोदी ने कहा कि टीकाकरण अभियान का कार्य काफी लंबा चलेगा। इसके लिए टीम भावना से कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों से वैक्सीन की वितरण व्यवस्था पर सुझाव मांगे गए हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि अब तक यह लड़ाई सफलतापूर्वक लड़ी गई है। परिणाम भी अच्छे मिले हैं। जनता ने भी लड़ाई लड़ी है। सर्दी बढ़ने से और उत्तर भारत में प्रदूषण बढ़ने से जो समस्या आ रही है, वो चिंता का विषय बन सकती है। हम सभी सचेत हों, त्योहारों से भी कुछ संक्रमण बढ़ा है।

कौशल विकास

प्रिसिजन इंजीनियरिंग में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

भोपाल, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग के अंतर्गत ग्लोबल स्किल्स पार्क-सिटी कैंपस भोपाल में एक वर्षीय एडवांस सर्टिफिकेट इन प्रिसिजन इंजीनियरिंग में जनवरी 2021 बैच के लिए प्रवेश प्रारंभ है। पंजीकरण एवं आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 दिसम्बर 2020 निर्धारित की गई है।

ग्लोबल स्किल्स पार्क का एक अंश सिटी कैंपस के रूप में गोविंदपुरा भोपाल में स्थापित किया गया है। इसमें प्रिसिजन इंजीनियरिंग के एक वर्षीय कोर्स में प्रवेश दिया जा रहा है। इस सर्टिफिकेट कोर्स के लिए आईटीआई के विद्यार्थी (टर्नर, फिटर, मशीनिस्ट, मशीनिस्ट ग्राइंडर, मेकेनिक मशीन टूल, मेंटेनेंस) तथा मेकेनिकल, इंडस्ट्रियल तथा प्रोडक्शन में डिप्लोमा अथवा बी.ई. या बी.टेक. किया हो, आवेदन कर सकते हैं। प्रिसिजन इंजीनियरिंग में छः मॉड्यूलर कोर्स हैं।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिये आवेदन की प्रक्रिया हुई शुरू

भोपाल, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2021 का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके तहत 25 नवम्बर, 2020 से 24 दिसम्बर, 2020 तक दावे-आपत्ति ली जायेंगी। इसके लिये नागरिकों की 1 जनवरी, 2021 की स्थिति में आयु 18 वर्ष पूर्ण होने जा रही है वे अपना नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करा सकते हैं। दावे-आपत्ति प्राप्त करने के लिये अवकाश दिवसों मे 12 दिसम्बर (शनिवार), 13 दिसम्बर (रविवार), 19 दिसम्बर (शनिवार) एवं 20 दिसम्बर (रविवार) को विशेष कैम्प लगेंगे।

खास खबर

ई-नगरपालिका पोर्टल की समीक्षा के लिये समिति गठित

भोपाल, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीतेश व्यास द्वारा नगर निगम एवं नगर पालिका परिषदों/नगर परिषदों में संचालित ई-नगरपालिका पोर्टल की समीक्षा के लिये समिति गठित की गयी है। समिति में डॉ. सुषमा दुबे वित्तीय सलाहकार नगरीय विकास एवं आवास अध्यक्ष होंगी। समिति में श्री सौरभ तिवारी लेखाधिकारी नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, श्री अली मोहम्मद कनिष्ठ लेखाधिकारी वित्तीय सलाहकार नगरीय विकास एवं आवास और श्री देवेन्द्र व्यास सहायक संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय सदस्य होंगे।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

गौ-धन संरक्षण के लिए मंत्रिपरिषद समिति की बैठक

गाय बनेगी आर्थिक स्वावलंबन का आधार - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गौ-धन संरक्षण और संवर्धन के लिए गठित मंत्रिपरिषद समिति की वर्चुअल बैठक में कहा कि गौ-वंश के प्रति हमारी आस्था और श्रद्धा है। प्राचीनकाल में गाय और बैल ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधार थे। वर्तमान में भी गौ-संरक्षण और संवर्धन के कार्य आर्थिक स्वावलम्बन का आधार बन सकते हैं।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। इस दिशा में गौ-माता अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। गाय का दूध अमृत है। कुपोषण को दूर करने में गाय के दूध का भरपूर उपयोग हो सकता है। गाय का गोबर कृषि के लिये संजीवनी है। इसका उपयोग खाद बनाने में कर रासायनिक खाद के उपयोग को कम किया जा सकता है। गोबर से बड़े स्तर पर गौ-काष्ठ का निर्माण और उपयोग कर लकड़ी के प्रयोग को कम किया जा सकता है।

गौ-मूत्र, गोबर, दूध का पूर्ण उपयोग

श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार गौ-संरक्षण और संवर्धन के साथ दूध, गोबर और गौ-मूत्र का उपयोग पूरी गम्भीरता के साथ मानव कल्याण के लिए करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-संरक्षण, संवर्धन के लिए पशुपालन विभाग, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, गृह, वन और राजस्व विभागों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा गौ-संरक्षण एवं संवर्धन में मध्यप्रदेश देश में मिसाल कायम करे ऐसे प्रयास होंगे।

गौ-शालाओं का बेहतर संचालन

मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजना अंतर्गत स्वीकृत गौ-शालाओं का संचालन शासन द्वारा सक्षम और इच्छुक समाजसेवी संस्थाओं तथा स्व-सहायता समूह के सहयोग से किया जाएगा। गौ-शालाओं के संचालन में जनसहयोग लिया जाएगा। गौ-शालाओं के संचालन और गौ-संरक्षण एवं संवर्धन के लिये आवश्यक होने पर वित्तीय संसाधन जुटाने के लिये उपकर लगाया जा सकता है। इस उपकर को लगाने में यह विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा कि आमजन पर आर्थिक भार नहीं बढ़े। गोबर गैस प्लान्ट स्थापित करने की भारत सरकार की योजना के अंतर्गत ग्रामों में गोबर गैस प्लान्ट स्थापित किये जा सकेंगे।

- **सालरिया में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विकास केंद्र की होगी स्थापना।**
- **वन विभाग के अंतर्गत आने वाले बिगड़े वनों में चारागाह का होगा विकास।**

सभी पात्र आदिवासी बंधुओं को मिलेंगे काबिज भूमि के पट्टे - मुख्यमंत्री

औचक निरीक्षण कर सुलझाईं आदिवासियों की समस्याएं

उमरिया, सभी पात्र आदिवासी भाई-बहनों को उनकी लंबे समय से काबिज जमीन पर पट्टा दिलाया जाएगा। किरनताल क्षेत्र में 20 वर्ष पहले स्थानीय पटवारी ने छल-कपट कर भोले-भाले बैगा आदिवासी भाइयों को फर्जी पट्टे वितरित कर दिए थे, उनकी फर्जी वही बना दी थी पर सरकारी रिकॉर्ड में जमीन उनके नाम दर्ज नहीं की थी। इस मामले में न केवल सभी दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, अपितु सभी पात्र बैगा भाई-बहनों को वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर शीघ्र ही उनकी काबिज भूमि के पट्टे दिए जाएंगे। गरीबों और आदिवासियों के साथ अन्याय बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उमरिया जिले के किरनताल क्षेत्र के औचक निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने ग्राम में चौपाल लगाकर एक-एक आदिवासी भाई-बहन की समस्या सुनी तथा उसका निराकरण किया।

जेल भी हो आया है पटवारी

मुख्यमंत्री श्री चौहान को गांववासियों ने बताया कि वर्ष 1999-2000 में वहां के पटवारी ने आदिवासी 21 भाइयों से पैसे लेकर उनके फर्जी पट्टे बना दिए और भूमि रिकार्ड में दर्ज नहीं की। इस मामले में पटवारी जेल भी हो आया है। मुख्यमंत्री ने मामले की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए।

लगभग 75 आदिवासी लंबे समय से भूमि पर काबिज

श्री चौहान को बताया गया कि गांव में लगभग 75 ऐसे आदिवासी हैं जो कि लंबे समय से शासकीय भूमि पर काबिज़ हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि इस संबंध में एस.डी.एम. एवं तहसीलदार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर सभी पात्र आदिवासियों को भूमि के पट्टे दिलवाएं।

प्रत्येक सोमवार को लगाएं शिविर

साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम में प्रत्येक सोमवार को शासकीय शिविर लगाया जाएं, जिसमें एक-एक आदिवासी की समस्या सुनी जाए और उसका निराकरण किया जाए। मध्यप्रदेश सरकार गरीबों, वंचितों, आदिवासियों की सरकार है हम इनके साथ अन्याय नहीं होने दे सकते। हर आदिवासी को उसका वाज़िब हक दिलवाया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

21 नवम्बर

देशभर में स्थापित हुये 50 हजार आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर

● भारत में हेल्थकेयर के क्षेत्र में व्यापक कार्य हो रहा है। देशभर में अब 50 हजार से ज्यादा आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर संचालित हैं। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार समग्र प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये दिसम्बर 2022 तक देशभर में 1.5 लाख आयुष्मान स्वास्थ्य भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर स्थापित किये जायेंगे। इनमें से 50 हजार केंद्र स्थापित किये जा चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि इन हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर्स से 25 करोड़ से ज्यादा लोगों के लिये बहनीय प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार आया है।

● अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सिलसिलेवार धमाके हुये। ये धमाके शहर के बीचोंबीच स्थित घनी आबादी वाले ग्रीन जोन और उत्तरी इलाके में हुये। अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक आरियान ने कहा कि आतंकवादियों ने काबुल शहर पर 23 रॉकेट दागे। इस हमले में 8 लोग शहीद और 31 लोग घायल हो गये। इस हमले के पीछे तालिबान का हाथ माना जा रहा है।

22 नवम्बर

सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं की प्रैक्टिकल परीक्षा की तारीख की घोषित

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा बारहवीं की प्रेक्टिकल परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। कक्षा

बारहवीं की प्रैक्टिकल परीक्षा एक जनवरी से आठ फरवरी तक होगी। सीबीएसई ने कहा कि यह तिथि संभावित है, सही तिथि की सूचना अलग से दी जायेगी। सीबीएसई ने परीक्षा के आयोजन को लेकर एक एसओपी जारी की है। सीबीएसई ने कहा कि प्रैक्टिकल परीक्षा के लिये स्कूलों को अलग-अलग तिथि भेजी जायेगी। इस परीक्षा के लिये सीबीएसई की तरफ से एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जायेगा, जो प्रोजेक्ट मूल्यांकन की निगरानी करेगी। प्रैक्टिकल परीक्षा और प्रोजेक्ट मूल्यांकन का काम संबंधित स्कूलों से ही होगा। मूल्यांकन खत्म होने के बाद स्कूलों को बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये लिंक पर मार्क्स अपलोड करने होंगे।

● पाकिस्तान में डिजिटल सेंसरशिप के खिलाफ गुगल, फेसबुक और ट्विटर ने पाकिस्तान छोड़ने की धमकी दी है। एशिया इंटरनेट गठबंधन ने इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तानी सरकार से कहा कि डिजिटल सेंसरशिप अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधे तौर पर हमला है। गठबंधन का मानना है कि पाकिस्तानी सरकार ने अफसरों को डिजिटल कंटेंट सेंसर करने का अधिकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रोकने के उद्देश्य से दिया है।

23 नवम्बर

आरबीआई के फॉलोअर्स की संख्या 10 लाख हुई

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के ट्विटर फॉलोअर्स की संख्या 10 लाख से

पार हो गई है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला आरबीआई विश्व का पहला केंद्रीय बैंक (मौद्रिक प्राधिकरण) है। आरबीआई ने इस मामले में अमेरिका के फेडरल रिज़र्व तथा यूरोपीय केंद्रीय बैंक (यूसीबी) को पीछे छोड़ दिया है। फेडरल रिज़र्व के 6.67 लाख ट्विटर फॉलोअर्स हैं, जबकि यूसीबी के 5.91 लाख फॉलोअर्स हैं। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आरबीआई की इस उपलब्धि पर प्रशंसा व्यक्त की है।

● भारत जल्द ही गहरे समुद्र में खनिज संसाधनों की तलाश के लिये एक बड़ा मिशन शुरू करने जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने यह दी। इस अभियान के तहत समुद्र के अंदर खनिज, ऊर्जा और समुद्री विविधता की खोज की जायेगी, जिसके बड़े हिस्से का अब तक इस्तेमाल नहीं हो पाया है। इस अभियान से भारत के वृहद आर्थिक जोन के प्रयास को बढ़ावा मिलेगा। मिशन के तहत गहरी समुद्री गतिविधियों के लिये खास तकनीक का विकास किया जायेगा। इसके लिये इसरो और डीआरडीओ जैसे संगठनों की मदद भी ली जायेगी। इस मिशन के लिये मानव पनडुब्बियों का विकास भी किया जायेगा।

● आयुर्वेद की डिग्री हासिल करने वाले डॉक्टर अब जनरल सर्जरी के साथ आर्थोपेडिक, ईएनटी और डेंटल सर्जरी भी कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने इस संबंध में गजट जारी कर आयुर्वेदिक डॉक्टरों को इन सेवाओं का प्रशिक्षण लेने की मंजूरी प्रदान की है। इन डॉक्टर्स का ट्रेनिंग माड्यूल भी आयुर्वेदिक कोर्स का हिस्सा बनेगा। भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद ने बताया कि सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद आयुर्वेद के पीजी छात्रों को सर्जरी के बारे में गहन जानकारी दी जायेगी। अभी इन छात्रों को सर्जरी के बारे में पढ़ाया तो जाता था, लेकिन वो सर्जरी कर सकते हैं या नहीं, इसको लेकर स्पष्ट गाइडलाइन नहीं थी।

24 नवम्बर

कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं होंगी आयोजित – सीबीएसई

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्पष्ट किया है कि कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं अवश्य आयोजित होंगी। सीबीएसई के सचिव श्री अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि कक्षा दसवीं और बारहवीं के लिये होने वाली बोर्ड परीक्षाएं सीबीएसई जरूर आयोजित करेगा, इनके लिये कार्यक्रम जल्द घोषित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा का मूल्यांकन किस तरह होगा, इसकी घोषणा भी जल्द की जायेगी। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये विभिन्न संगठनों द्वारा सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं रद्द करने या स्थगित करने की मांग की जा रही है।

● अफ्रीकी देश सेनेगल में 500 से अधिक मछुआरों को रहस्यमयी त्वचा रोग होने की जानकारी मिली है। सेनेगल के एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ये सभी मछुआरे मछली पकड़ने के बाद समुद्र से लौट रहे थे। जिन लोगों को यह त्वचा रोग हुआ है, उन्हें इलाज के लिये क्वारेंटाइन सेंटर भेज दिया गया है, ताकि यह संक्रमण न फैले। उन्होंने बताया कि यह बीमारी पहली बार मछुआरों में देखने को मिली है, इसमें त्वचा में तेज खुजली के बाद सड़न की स्थिति पैदा हो रही है।

25 नवम्बर

फरवरी 2021 में आयोजित हो सकती है जेईई मेन परीक्षा

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) सहित सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिये आयोजित होने वाली जेईई मेन परीक्षा जनवरी की जगह फरवरी 2021 में आयोजित की जा सकती है। इस परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा किया जाना है। कोरोना महामारी तथा सीबीएसई की 12वीं कक्षा की डेटशीट जारी नहीं होने के कारण जेईई मेन परीक्षा के आयोजन में देरी होगी। हालांकि अभी तक एनटीए ने इस परीक्षा के लिये नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि एनटीए वर्ष में दो बार जनवरी तथा अप्रैल में जेईई मेन परीक्षा आयोजित कराता है।

● रूस ने दावा किया है कि उसकी कोरोना वैक्सीन स्पुतनिक-वी 95 प्रतिशत से अधिक कारगर है। रूस ने वैक्सीन के अंतिम चरण के परीक्षण के नतीजे जारी किये हैं। रूस ने वैक्सीन की अनुमानित कीमत का खुलासा करते हुये इसे दूसरी वैक्सीन के मुकाबले सस्ता बताया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्पुतनिक-वी वैक्सीन के एक टीके की कीमत 10 डॉलर (लगभग 741 रुपये) होगी। इस वैक्सीन के वितरण के लिये अत्याधिक ठंडे कोल्ड स्टोरेज की जरूरत नहीं होगी। हालांकि भारत में अभी भी इस वैक्सीन का ट्रायल चल रहा है।

● देशभर में लैंडलाइन फोन से मोबाइल पर कॉल करने के लिये अब ग्राहकों को मोबाइल नंबर से पहले शून्य लगाना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था जनवरी 2021 से लागू होगी। केंद्रीय दूरसंचार विभाग ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के इससे जुड़े एक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। ट्राई ने 29 मई, 2020 को मोबाइल नंबर से पहले शून्य लगाने की सिफारिश की थी। ट्राई के अनुसार इससे टेलीकॉम कंपनियों को अधिक नंबर बनाने की सुविधा मिलेगी। दूरसंचार विभाग ने टेलीकॉम कंपनियों को नई व्यवस्था अपनाने के लिये एक जनवरी, 2021 तक का समय दिया है।

26 नवम्बर

भारत ने हिंद महासागर क्षेत्र में तैनात किए अमेरिकी ड्रोन

● हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी के लिए भारतीय नौसेना ने लीज पर अमेरिका के दो प्रीडेटर ड्रोन तैनात किए हैं। समुद्री क्षेत्र की निगरानी करने वाले इन ड्रोन को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भी तैनात किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय से आपात स्थिति के लिए हथियार खरीदने की मंजूरी के जरिये भारतीय नौसेना ने अमेरिका के इन ड्रोन को अपनी फ्लीट में शामिल किया है। ड्रोन एक साल की लीज पर लिए गए हैं।

● केरल के कोझिकोड जिले के अवाला पंडी गांव में इन दिनों पर्यटकों की भारी भीड़ जुट रही है। इसकी वजह यहां खिले गुलाबी फूल हैं। फूल लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रहे हैं। यह फूल दक्षिण अमेरिका में पाए जाते हैं। विशेषज्ञ जानकारी जुटा रहे हैं कि आखिर फूल गांव में पहुंचे कैसे। एक्सपर्ट्स की मानें तो ये पौधे आकर्षक तो हैं, लेकिन जल निकायों के लिए गंभीर खतरा हो सकते हैं। विशेषज्ञ के मुताबिक कोविड-19 के दौरान बहुत कम लोगों ने नहरों के आस-पास कदम रखे, इस वजह से ये फैल भी गए हैं।

● ट्विटर ने अकाउंट वेरिफिकेशन प्रोग्राम फिर से शुरू करने की घोषणा की है। मतलब अब लोग ब्लू टिक के लिए दोबारा से रिक्वेस्ट कर सकेंगे। ट्विटर अकाउंट वेरिफिकेशन प्रोग्राम नए साल में शुरू हो सकता है। शुरुआती चरण में छह तरह के अकाउंट का वेरिफिकेशन होगा, जिनमें सरकारी कंपनी, ब्रांड्स, नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन, न्यूज, इंटरटेनमेंट, स्पोर्ट्स, ऑर्गेनाइजर और दूसरे प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होंगे। गौरतलब है कि 2017 से पब्लिक वेरिफिकेशन प्रोग्राम बंद था।

27 नवम्बर

क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी तकनीकी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई

● अगले शैक्षणिक वर्ष से इंजीनियरिंग सहित तकनीकी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई क्षेत्रीय भाषाओं में भी हो सकेगी। यह निर्णय केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' की अध्यक्षता में सम्पन्न एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अगले शैक्षणिक सत्र से मातृभाषा में भी तकनीकी शिक्षा विशेषकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए कुछ आईआईटी और एनआईटी को भी सूचीबद्ध किया गया है। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी सिलेबस तैयार करेगी।

● केंद्र सरकार ने पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देते हुए लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए 28 फरवरी 2021 तक का समय दिया है। पहले लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2020 थी। सरकार ने यह निर्णय कोरोना महामारी के कारण लिया है। उल्लेखनीय है कि सभी पेंशनधारकों को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह में लाइफ सर्टिफिकेट जमा करवाना पड़ता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

SHRI JAIN SHWETAMBER PROFESSIONAL ACADEMY
AFFILIATED TO DAVV
Airport Pithampur Road, Near Hinkargiri, Indore-453 112 (M.P.)
Mobile : 94259-55610, 94259-55620, e-mail : sjspa.principal@gmail.com
REQUIRES
ASSISTANT PROFESSOR / ASSOCIATE PROFESSOR / PROFESSOR
• Hindi (2) • English (2) • Political Science (2)
• Sociology (2) • Commerce (4) • Computer Science (4)
• Biotech (2) • Chemistry (2) • Social Science (2)
• History (2) • Social Work (2) • Library Science (2)
• Education (6) • Maths (2) • Physics (2) • Yoga (2)
▸ Librarian (1) ▸ Sports Officer (1) ▸ Driver (1)
Salary & Qualification: As per UGC/NCTE norms.
Send application to the Principal within 7 days. - Principal
VIGILANCE
R-44782/2020

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh, Director of Medical Education and Higher Education Department
ADMISSION OPEN 2020-21
MPT Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT
BPT Bachelor of Physiotherapy* 4½ yrs Degree Course
BMLT Bachelor of Medical Lab Technology* 3 yrs Degree Course
DMLT Diploma in Medical Lab Technology* 2 yrs Diploma Course
DDT Diploma in Dialysis Technology* 2 yrs Diploma Course
*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
Attached with People's Teaching Hospital 950 bedded (ISO 9001:2015) | Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. | Separate hostel facility | Scholarship facility available. | Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. | Educational Visits and Student's Tour.
Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com
R-44781/2020

वर्ष 37, अंक 48 30.11.2020 से 06.12.2020
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

जन-जातीय गौरव सम्मान समारोह

भगवान बिरसा मुंडा ने जन-जातीय संस्कृति की रक्षा और अंग्रेजों से देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ शोषण और धर्मांतरण को रोकने और हमारी संस्कृति को बचाने निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने जनजातियों की पूजा-पाठ की पद्धतियों, जीवन मूल्यों और संस्कृति की रक्षा और आजादी के लिए निरंतर कार्य किया। नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए। उनके जन्मदिवस पर प्रत्येक वर्ष मध्यप्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। उनके आदर्शों पर चलते हुए देश की सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के प्रयास करने होंगे। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। श्री चौहान उमरिया जिले की ग्राम पंचायत डगडौआ में आयोजित जनजातीय गौरव सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी में वीरांगना दुर्गावती, भीमा नायक, रघुनाथ शाह, शंकर शाह और टंट्या भील जैसे महानायकों ने योगदान दिया। हम इन महानायकों के योगदान को कभी भुला नहीं सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की मुख्यधारा देश की जनजातियां हैं। जनजाति परंपराओं एवं संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में जिन वनवासियों को भूमि के पट्टे दिए गए हैं, उन्हें फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का लाभ भी दिया जाएगा। प्रदेश के सभी वन ग्राम राजस्व ग्राम बनाए जाएंगे। प्रदेश में जनजातियों का शोषण और लूट नहीं होनी दी जाएगी। जिन अवैध साहूकारों ने जनजातीय परिवारों को कर्जा दिया है और संपत्ति गिरवी रखी है, ऐसे सभी अवैध कर्जों को मध्यप्रदेश में माफ कर दिया जाएगा। ऐसे कर्ज की प्रदेश में वसूली नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में वनोपज और खनिज आधारित उद्योग लगाने के प्रयास किए जाएंगे। मध्यप्रदेश में 32 प्रकार के वनोपजों का समर्थन मूल्य घोषित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वनाधिकार अधिनियम के तहत जिले के 800 हितग्राहियों को वनाधिकार प्रमाण-पत्र वितरित किए। साथ ही संभाग के 10 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूहों को क्रेडिट लिमिट का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने बिरसामुंडा परिसर के निर्माण के लिए ग्राम डगडौआ में 2 एकड़ जमीन दान करने वाले नत्थू कोल का सार्वजनिक रूप से सम्मान किया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति खुद झोपड़ी में रह रहा है, सुविधाओं के अभाव में जीवन व्यतीत कर रहा है उसके लिए भगवान बिरसा मुंडा परिसर निर्माण के लिए 2 एकड़ कीमती जमीन दान देना उसकी दानवीरता का अनुकरणीय उदाहरण है। मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के रहवासियों के लिए समय - समय पर अनेक कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करती है। इन योजनाओं का उद्देश्य इन वर्गों के लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाना है। यह एक दीर्घकालीन काम है, सरकार के सतत प्रयासों से सफलता जरूर मिलेगी।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

भारतीय मानसून की विशेषतायें- भारतीय उपमहाद्वीप की उष्ण कटिबंधीय स्थिति है। हिमालय उत्तर से शीत हवाओं का अवरोधक है और मध्य एशिया के उच्च दबाव की सूखी हवाओं को रोकता है। यह मात्र दक्षिणी-पश्चिमी मानसून को तिब्बती पठारों से पार करने से ही नहीं रोकता बल्कि उन्हें उत्तरी भारतीय क्षेत्रों में फैलाता भी है। भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी-पश्चिमी क्षेत्र के उच्च और निम्न दबाव के कारण मानसून नियंत्रित होता है। गर्मी के कारण तापमान बढ़ता है। मैदानी और रेगिस्तानी इलाकों में तापमान अधिक रहता है। सर्वाधिक निम्न दबाव उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में होता है, जो हवा को हिन्द महासागर से अपनी तरफ खींचता है। मानसून बड़ी तेजी से अशान्त होकर पूरे भारत में फैल जाता है। अंतर उष्ण कटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र उत्तरी भारत के मैदानों में स्थानांतरित हो जाता है। मानसून अपनी उच्चतम अवस्था में अपनी ताकत वायुमण्डलीय दबाव से प्राप्त करता है जो हवा के क्षेत्र परिवर्तन के कारण उत्पन्न होती है। मानसुन 20 मई से प्रारंभ होता है और 15 जुलाई तक पूरे देश में फैल जाता है। मानसून उत्तरी क्षेत्रों में पहली सितम्बर, मध्य भारत में सितम्बर के अंत में और दक्षिणी भाग में नवम्बर के प्रथम सप्ताह में समाप्त हो जाता है। इसे उत्तरी-पूर्वी मानसून कहा जाता है। मानसून की वापसी अपने साथ तूफान जैसी मुसीबतें भी लाती है। जिससे जन और धन की बड़े पैमान पर हानि होती है। ऐसा अधिकतर भारत के पूर्वी तट पर होता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस 25 नवम्बर

परंपराओं के नाम पर महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार और उनकी मुक्ति की राह

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

स्त्रियां समाज की वास्तविक शिल्पकार होती हैं। इसलिए कहा भी जाता है कि एक मकान को घर बनाने में मुख्य भूमिका एक स्त्री की ही होती है। पुराणों से लेकर आधुनिक साहित्यिक ग्रंथों, हर धर्म में स्त्री के महत्व और महिमा का बखान किया गया है। मगर जब हम वास्तविक धरातल पर देखते हैं, तो स्त्रियों के खिलाफ हिंसा की शुरुआत उनके जन्म से पहले ही शुरू हो जाती है, जो आगे बढ़कर घरेलू हिंसा या रस्मों के नाम पर मरते दम तक भी उनके साथ होती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि स्त्रियों की स्थिति में समय के साथ बदलाव नहीं आया है, लेकिन परंपराओं के नाम पर सदियों से चली आ रही कुप्रथाओं का अस्तित्व पूर्णतः समाप्त हो चुका है, यह हम आज भी दावे से नहीं कह सकते हैं। महिलाओं के साथ होने वाली किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए ही अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस 25 नवम्बर को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस दिवस को पूरे विश्व में महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को रोकने के लिए मनाया जाता है। यह अभियान पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की-मून की महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए एकजुट होने के अभियान का एक हिस्सा है। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बान की मून ने इस दिवस पर महिलाओं और लड़कियों पर हो रही हिंसा के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की थी। संयुक्त राष्ट्र ने महिलाओं के अधिकारों हेतु 'ही फॉर सी' (He For She) नाम से एक वैश्विक अभियान की शुरुआत 2014 में की थी, जिसका उद्देश्य स्टीरियोटाइप को खत्म कर लैंगिक समानता के लिए लोगों को एक करना था।

तानाशाह के खिलाफ संघर्ष से हुई थी इस दिन की शुरुआत

25 नवम्बर, 1960, डोमिनिकन गणराज्य के तानाशाह शासक राफेल ट्रुजिलो (1930-1961) के आदेश पर तीन बहनों, पैट्रिया मर्सिडीज मिराबैल, मारिया अर्जेंटीना मिनेर्वा मिराबैल तथा एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबैल की 1960 में क्रूरता से हत्या कर दी गई थी। इन तीनों बहनों ने ट्रुजिलो की तानाशाही का कड़ा विरोध किया था। महिला अधिकारों के समर्थक व कार्यकर्ता 1981 से इस दिन को इन तीनों बहनों की मृत्यु की स्मृति के रूप में मनाते हैं। फरवरी 2000 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में एकमत से यह निर्णय लिया गया कि 25 नवम्बर को महिलाओं के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट पर उल्लेखित तथ्य के अनुसार महिलाओं के खिलाफ हिंसा का मामला शिक्षा, गरीबी, एचआईवी और एड्स के अलावा सुरक्षा और शांति के साथ जुड़ा है। यूएन के अनुसार अधिकतर महिलाएं अपने संपूर्ण जीवन काल में कभी न कभी हिंसा का शिकार होती हैं।

महिलाओं के साथ परंपराओं के नाम पर होते हैं अत्याचार

सती प्रथा के विरुद्ध में कानून बनने से विधवा महिलाओं को जलाने की घटनाएं अब नहीं के बराबर हैं, लेकिन विधवा महिलाओं को आज भी कई जगहों पर विभिन्न तरह की परंपराओं के नाम पर बांधा जाता है या उनके साथ दुर्व्यवहार होता है। उत्तर भारत के कुछ धार्मिक स्थलों जैसे मथुरा एवं बनारस (वाराणसी) में ये महिलाएं बड़ी संख्या में दयनीय स्थिति में गुजर-बसर कर रही हैं। ऐतिहासिक संदर्भों में जाएं तो स्पष्ट पता चलता है कि हिंदू सामाजिक संरचना में उच्च वर्णीय महिलाओं को ज्यादा कठोर नियमों का

पालन करना पड़ा है। लूंबा फाउंडेशन रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया में विधवा महिलाओं की संख्या 2010 में 245 मिलियन थी। ये वे महिलाएं हैं, जिन्होंने दोबारा विवाह नहीं किया। सामाजिक मान्यता में कई बार पति की मौत का जिम्मेदार भी सगुन-अपसगुन के नाम पर पत्नी को ही माना जाता है तथा ताउम्र इसकी सजा भुगतने के लिए उसे छोड़ दिया जाता है। धर्मशास्त्र की आड़ में बहुत सारे रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों से उन्हें दूर रखा जाता है। विधवा स्त्री को बड़े पैमाने पर रहन-सहन, खान-पान, सामाजिक गतिविधियों, निर्णय के अधिकार सहित कई प्रकार की निहायत जरूरी सहूलियतों में कटौती के साथ समझौता करना पड़ता है। उन्हें पति की मृत्यु के बाद पहनावे में बदलाव करना पड़ता है, तो शादी के अधिकांश रीति-रिवाजों से भी दूर रखते हैं। इससे उन्हें मानसिक आघात का सामना लगातार करना पड़ता है। इन स्थितियों में बदलाव, लोगों की सोच में बदलाव, संवेदनशीलता को बढ़ाने से ही हो सकेगा।

स्त्रियों को डायन या चुड़ैल मानना

यह दुनिया का सबसे बड़ा सच है कि दबाया हमेशा उसे ही जाता है जो कमजोर और अधिकारों से वंचित होता है। इसलिए दुनिया में चुड़ैल, डायन के नाम पर अत्याचार के शिकार में कई फीसदी महिलाएं विस्थापित हुई हैं। मध्य युग में डायन प्रथा को लेकर किए गए अध्ययन बताते हैं कि डायन प्रथा के शिकार होने के अधिकतर मामले, फसल कम होने या ठंड की वजह से फसल खराब होने से जुड़े थे। ऐसे में दोष देने के लिए किसी की ज़रूरत थी। इस तरह डायन या चुड़ैल का जन्म हुआ। हिंदू, इस्लाम, बौद्ध, ईसाई लगभग सभी धर्मों में चुड़ैल या डायन के नाम पर महिलाओं के साथ हिंसा और अपराध की घटनाएं पूरी दुनिया में होती हैं। बदला लेने, संपत्ति पर कब्जा करने, यौन अपराध करने आदि की लालच में भी कई बार महिलाओं के साथ डायन-चुड़ैल मानकर अत्याचार किए जाते हैं। देश के जनजातीय और कम शिक्षित ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की घटनाएं आम हैं, जो कभी-कभी अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। महिलाओं पर इस हिंसा के विरुद्ध कानून भले हैं, लेकिन इन पर पूरी तरह से रोक नहीं है। जागरूकता और अधिकारों के प्रति सतर्कता ही इस हिंसा को रोकने का माध्यम है।

पितृसत्तात्मक व्यवस्था का प्रभाव

भले ही नाम, समय और संदर्भ कुछ भी हो, लेकिन दुनिया के हर हिस्से में लड़कियों और महिलाओं के साथ बलात्कार, यौन हिंसा और अभद्रता की घटनाएं उन्हें एक करती हैं। यह महिलाओं को पितृसत्तात्मक व्यवस्था के माध्यम से नीचा दिखाने, उन्हें नियंत्रण में करने का एक तरीका है, जो सामाजिक व्यवस्था में सामान्य है। अनुमान है कि दुनिया भर में 35 प्रतिशत महिलाओं ने शारीरिक और यौन हिंसा का अनुभव किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अपने जीवन में किसी बिंदु पर किया है। हालांकि, कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि 70 प्रतिशत महिलाओं ने अपने जीवनकाल में शारीरिक और यौन हिंसा का अनुभव किया है। दुनियाभर में पाए गए सभी मानव तस्करी के पीड़ितों में से अधिकतर वयस्क महिलाएं शामिल हैं। यूरोपीय संघ की रिपोर्ट में 10 महिलाओं में से एक ने 15 साल की उम्र से साइबर-उत्पीड़न का अनुभव किया है। 18 से 29 वर्ष की आयु के बीच युवा महिलाओं में इसका जोखिम सबसे अधिक है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक वैश्विक महामारी है। 70 प्रतिशत महिलाओं की संख्या अपने जीवनकाल में हिंसा का अनुभव करती है। महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न, फब्तियां कसने, छेड़खानी, वैश्यावृत्ति, गर्भाधारण के लिए विवश करना, महिलाओं और लड़कियों को खरीदना और बेचना, युद्ध से उत्पन्न हिंसक व्यवहार और जेलों में भीषण यातनाओं का क्रम अभी भी जारी है और इसमें कमी होने के बजाए निरंतर वृद्धि हो रही है। खास बात यह है कि स्त्रियों के विरुद्ध होने वाली इस हिंसा में कुछ माह की नवजात बालिका को भी अब लोग अपना शिकार बना रहे हैं। किसी को घूरना हर किसी के लिए बुरा अनुभव होता है। भले ही पीड़ित चाहे वह एडल्ट हो या टीन, स्टॉकिंग हर किसी के लिए बुरा, डरावना और परेशान करने वाला अनुभव होता है। किसी के बेवजह घूरने से बचने के लिए भारत में ज्यादातर महिलाएं और लड़कियां देर से बाहर जाने के लिए किसी पुरुष को संग में ले जाती हैं या फिर दूसरे रास्ते को अपना लेती हैं। फिजिकल स्टॉकिंग या फोन कॉल, मैसेज, ईमेल, करना भारत में दंडनीय अपराध है।

अपनी सुरक्षा इस तरह करें

अकेले सफर के दौरान महिलाओं को काफी परेशानी और डर का सामना करना पड़ता है। महिलाएं थोड़ी सी सावधानी अपनाकर अपना ध्यान अच्छे से रख रखती हैं।

+ जब भी सड़क पर चलें, तो विश्वास के साथ चलें। नीचे जमीन में सिर झुकाकर चलने की बजाय सतर्क और जागरूक दिखते हुए सामने देखते हुए चलें। अगर किसी इलाके के बारे में या रास्तों के बारे में नहीं जानतीं, तो अनजान लोगों के सामने यह बात उजागर न करें।
+ जब भी अकेले ऑटो या टैक्सी में सफर करें, तो उसका नंबर अपने मोबाइल में टेक्स्ट के रूप में तैयार रखें। थोड़ी भी गड़बड़ी लगे तो अपने किसी दोस्त या जानकार को नंबर एसएमएस कर दें।
+ रात के वक्त बेसमेंट में कार पार्क करने से बचें। वहां मोबाइल काम करना बंद कर सकता है। गाड़ी ऐसी जगह पार्क करें, जहां भरपूर रोशनी हो। गाड़ी रिवर्स करके खड़ी करें ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत निकल सकें।
+ अगर सड़क पर अचानक कार खराब हो जाए तो सबसे पहले अपने घर वालों को या ऐसे किसी दोस्त या जानकार को कॉल करके अपनी स्थिति के बारे में बताएं, जो पास में रहता हो। जितनी देर में कोई मदद के लिए आए, उतनी देर खिड़की और दरवाजे बंद करके कार के अंदर बैठी रहें। अनजान लोगों से कतई मदद न लें।

इस तरह ऐसे अपराधों से दूर रखकर एक स्त्री को देवी नहीं बल्कि सिर्फ एक इंसान समझकर इस समाज में जीने और आगे बढ़ने का अवसर दिया जाए तो न सिर्फ वह आगे बढ़ेगी बल्कि राष्ट्र और समाज भी आगे बढ़ेगा।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-अशोकनगर

क्रमांक 4830/व.ले.लि../2020-21/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./ अशोकनगर, दिनांक 18.11.2020

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 114/व.ले.लि./2020-21

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app** पर अशोकनगर जिले के विभिन्न विकासखण्ड चन्देरी के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

स. क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्रामों/मजरे की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि (EMD)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	114/18.11.2020	2020_PHED_114775_1	चन्देरी	16	380.55	380550/-	रु. 15000/-	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।
ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 30.11.2020, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 30.11.2020, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 02.02.2020, 11.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेवसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेवसाइट पर देखें।

सदस्य, सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
जी-15749/44728/2020 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड अशोकनगर, जिला अशोकनगर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.सू.क्र./86-94/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2020 डिण्डौरी, दिनांक 13.11.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाइन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अंतर्गत Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all under JJM. हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। **https://www.mptenders.gov.in** जिसका अवलोकन वेबसाइट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित वेबसाइट से ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं। जिसके मूल्य का भुगतान केश-कार्ड, ए.टी.एम., कम डेविड कार्ड या इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा प्रपत्र क्रमांक - 86 से 94 तक **दिनांक 16.11.2020 से 30.11.2020 को प्रातः 10.30 से सायं 17.30 बजे तक** ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	ई-निविदा क्र.	नि.सू. क्र.	विकासखण्ड	विवरण	अनु. लागत (PAC) (रु. लाख में)	धरोहर राशि (PAC) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	रिमार्क
1.	2020_PHED_114389_1	86	ग्राम रामगढ़, भानपुर, भैसवाही विकासखण्ड अमरपुर	Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.	127.39	127390/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
2.	2020_PHED_114390_1	87	ग्राम सुंदरपुर, जातादोंगरी विकासखण्ड समनापुर	Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.	130.38	130380/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
3.	2020_PHED_114391_1	88	ग्राम मुड़की विकासखण्ड डिण्डौरी	Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.	63.27	63270/-	10000/-	तृतीय आमंत्रण
4.	2020_PHED_114392_1	89	ग्राम चिचरिंगपुर, मिगड़ी विकासखण्ड डिण्डौरी	Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.	61.711	61711/-	10000/-	द्वितीय आमंत्रण
5.	2020_PHED_114393_1	90	ग्राम विक्रमपुर विकासखण्ड डिण्डौरी	Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.	63.77	63770/-	10000/-	द्वितीय आमंत्रण
6.	2020_PHED_114394_1	91	ग्राम बहेरा विकासखण्ड अमरपुर	Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.	49.78	50000/-	5000/-	द्वितीय आमंत्रण
7.	2020_PHED_114395_1	92	ग्राम करंगी, पाटनगढ़ विकासखण्ड करंजिया	Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.	135.03	135030/-	12500/-	प्रथम आमंत्रण
8.	2020_PHED_114396_1	93	ग्राम किसलपुरी विकासखण्ड अमरपुर	Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.	64.38	64380/-	10000/-	प्रथम आमंत्रण
9.	2020_PHED_114397_1	94	ग्राम मझियाखार, लालपुर विकासखण्ड बजाग	Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.	246.83	246830/-	15000/-	प्रथम आमंत्रण

सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन
जी-15732/44733/2020 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

Ph. No. (07392) 244306, E-mail-eephedjha@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 39/प्रोक्योरमेन्ट सेल/20-21 झाबुआ, दिनांक 17.11.2020

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकारों से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर झाबुआ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्यों हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

ई-टेण्डर क्रमांक	विकासखण्ड/ ग्राम का नाम	ग्रामों की संख्या	ठेके की अनु. लागत लाख में	प्रतिभूति राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
2020_PHED_114484	पेटलावद/वड़ी देहण्डी एवं मोईबागली	2	268.59	268590/-	15000/-	6 माह
2020_PHED_114486	पेटलावद/पांचीपिपला एवं पिठडी	2	248.14	248140/-	15000/-	6 माह

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की **अंतिम तिथि - 01.12.2020, 17.30 बजे तक**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 01.12.2020, 17.30 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 03.12.2020, 13.00 बजे तक
शर्तें :- 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी। 2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर आवश्यक राशि का भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के द्वारा क्रय किये जा सकते हैं।

सदस्य सचिव (DWSM) एवं कार्यपालन यंत्री
जी-15744/44726/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय

पॉलीटेक्निक चौराहा, भोपाल (म.प्र.) पिनकोड-462002, फोन नं. 0755-2660717, फैक्स नं. 0755-2661783
E-mail : hegmlbgpgcbho@mp.nic.in/Website :- mpcolleges.nic.in/mlbbpl

क्रमांक 8229/मलब/20-21 भोपाल, दिनांक 18.11.2020

निविदा आवेदन सूचना

महाविद्यालय में रूसा कम्पोनेन्ट - 9 चरण 2 के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स क्रय किये जाने हैं। इस हेतु जेम पोर्टल (GEM PORTAL) पर निविदा की दिनांक 18.11.2020 को जारी कर दी गई है। जिसमें सहभागिता हेतु अंतिम तिथि इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण के लिये दिनांक 10.12.2020 निर्धारित की गई। इच्छुक प्रदाता जेम पोर्टल (GEM PORTAL) पर ऑनलाइन BID में सहभागिता कर सकते हैं। विस्तृत निविदा संलग्न है। महाविद्यालय की वेबसाइट पर **Other Important Document Section** में एवं **www.mphighereducation.nic.in/mlbbpl** पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त क्रय प्रक्रिया मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम 2015 के अनुसार की जावेगी। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग/महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

प्राचार्य, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई
जी-15748/44727/2020 स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग बुधनी
जिला सीहोर (म.प्र.), मेन रोड बुधनी, फोन नं. 07564-235305

निविदा सूचना क्रमांक 07/2020-21 दिनांक 20.11.2020

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

टेण्डर आई.डी.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाखों में)	अमानत राशि (EMD)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	आमंत्रण क्र.	ई.एम.डी. एवं निविदा से संबंधित अन्य दस्तावेज
कार्य का नाम :- ग्राम गोहान में सी.सी. मार्ग निर्माण।					
2020_PWDRB_114617_1	94.02	94020/-	09 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज एवं ई.एम.डी. केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होंगे।
कार्य का नाम :- बड़ोदिया से रिठवाड़ मार्ग निर्माण कार्य लम्बाई 2.00 कि.मी.।					
2020_PWDRB_114619_1	115.79	115790/-	09 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज एवं ई.एम.डी. केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होंगे।
कार्य का नाम :- किशनपुरा से चंदपुरा मार्ग निर्माण कार्य लम्बाई 5.00 कि.मी.।					
2020_PWDRB_114622_1	363.40	363400/-	12 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज एवं ई.एम.डी. केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होंगे।
कार्य का नाम :- मरदानपुर माइनर केनाल (राइट साइड) से वायां 1 आर. लम्बाई 2.50 कि.मी. एवं 2 आर. लम्बाई 3.00 कि.मी. मार्ग निर्माण कार्य, कुल लम्बाई 5.50 कि.मी.।					
2020_PWDRB_114625_1	406.81	406810/-	12 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज एवं ई.एम.डी. केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होंगे।
कार्य की अधिकतम लागत	**406.81**				

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय **(Document Download/Sale End Date)** करने की **अंतिम तिथि 10.12.2020 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। प्रमुख अभियंता लो.नि.वि., भोपाल का पत्र क्र. 401/सा./ई-टेण्डरिंग/09/1088/भोपाल/ दिनांक 05.11.2020 द्वारा निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज एवं ई.एम.डी. केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-15731/44732/2020 लो.नि.वि.सं. बुधनी, म.प्र. 07564-235305

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग
परियोजना क्रियान्वयन इकाई, जयस्तंभ चौक के पास, जिला उमरिया (म.प्र.)

एनआईटी नं. : **30/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./4339** रीवा, दिनांक : **18.11.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं :

स. क्र.	पोर्टल टेंडर आई.डी.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमा. राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
1.	2020_PWPIU 112908_1	संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. उमरिया अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की सुपरवीजन एवं क्वालिटी कंट्रोल हेतु एस.क्यू.सी. कंसल्टेंसी का कार्य जिला उमरिया (म.प्र.) **(तृतीय आमंत्रण)**	उमरिया	108.49	108490/-	12500/-	24 माह वर्षाकाल सहित	हाँ
2.	2020_PWPIU 114894_1	उमरिया ब्लॉक करकेली जिला उमरिया (म.प्र.) में जिला चिकित्सालय 100 बिस्तरीय से 200 बिस्तरीय में उन्नयन/निर्माण कार्य मय वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण **(प्रथम आमंत्रण)**	उमरिया	1334.99	1000000/-	30000/-	24 माह वर्षाकाल सहित	हाँ

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 20.11.2020 समय 09.00 AM से दिनांक 04.12.2020 समय 6.00 PM तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-15733/44734/2020 **संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., जिला उमरिया (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्डवा

क्र. **2872/निविदा/लो.स्वा.यां.वि./2020** खण्डवा, दिनांक : **17.11.2020**

निविदा सूचना क्रमांक 27/2020-21

खण्डवा जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में स्थापित नलजल योजनाओं के पुनर्नवीनीकरण कार्य हेतु पाइप लाइन जोड़ना, बिछाना, परीक्षण कार्य, आर.सी.सी., उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल निर्माण कार्य, मोटर पम्प स्थापना, घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय एवं विद्युत कार्य मय 03 माह परीक्षण अवधि के किये जाने हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत निविदा का विवरण ऑनलाइन **www.mptenders.gov.in/nicegp/app** पर देखी जा सकती है। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र का क्रय वेबसाइट **www.mptenders.gov.in/nicegp/app** पर किया जा सकता है।

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र विक्रय की **अंतिम तिथि दिनांक 03.12.2020 सायंकाल 5.30 तक।**

ई-टेण्डर क्र.	विकास-खण्ड	निविदा में सम्मिलित ग्रामों की संख्या	निविदा समूह की लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु.	कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि	निविदा प्रपत्र क्रय की राशि रु.
2020_PHED_114147_1	खण्डवा	2	121.44	121440/-	06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि	12500/-
2020_PHED_114147_2	खण्डवा	3	191.53	191530/-	06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि	12500/-
2020_PHED_114147_3	खण्डवा	3	260.69	260690/-	06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि	15000/-
2020_PHED_114147_4	खण्डवा	3	261.17	261170/-	06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि	15000/-

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड होने की प्रारंभ तिथि :- 18.11.2020
ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि :- 03.12.2020**
ऑनलाइन निविदा लिफाफा खोलने की तिथि :- 04.12.2020
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान किये जाकर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

जी-15724/44731/2020 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड-खण्डवा**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 52, 53, 54, 55, 56, 57/2020 **विदिशा, दिनांक 20.11.2020**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. खामखेड़ा, लौधाखेड़ी, पीपलखेड़ा मार्ग के लंबाई 10.80 में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी.
2020_PWDRB_114724	विदिशा	बी.टी. रिन्यूवल	द्वितीय	86.04	86040/-
2. करारिया से शमशाबाद मार्ग के कि.मी. 1 से 21 कुल लंबाई 21.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।					
2020_PWDRB_114733	विदिशा	बी.टी. रिन्यूवल	प्रथम	322.80	322800/-
3. जरतोली से डवरी मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी., बडोह पठारी मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी., लायरा भगोदा मार्ग लंबाई 2.40 कि.मी., जैन मंदिर से पठारी मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी., भौंरासा मल्हारगढ़ मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. एवं सकरोली पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. कुल लंबाई 14.10 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।					
2020_PWDRB_114778	विदिशा	बी.टी. रिन्यूवल	प्रथम	138.40	138400/-
4. गुलाबगंज इकोदिया पी.एम.जी.एस.वाय. मार्ग से खजुरिया खेजरा तक ककरुआ, रूसल्ली, धतुरिया, खजुरी रकोली, गुलाबगंज से गजार मार्ग कि.मी. 1 से 3 एवं 7 से 11, देखजुरी से गजार मार्ग कि.मी. 9 से 15, चाटोली से हिरनोदा मार्ग कि.मी. 4 से 7 एवं गुलाबगंज मुंगवारा कि.मी. 2/6 से गुलनाबगंज अंडिया मार्ग कि.मी. 4 से 7 कुल लंबाई 23.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।					
2020_PWDRB_114789	विदिशा	बी.टी. रिन्यूवल	प्रथम	168.20	168200/-
5. पमारिया से कालू आमखेड़ा ढाडोन वर्धा मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी., देवखजुरी से शेरपुर, कस्वाखेड़ी लंबाई 8.00 कि.मी. एवं फुफेर से निचोरन, खुसोर बाया रायखेड़ी, महू से नारायणपुर, चक्क मानपुर, महू से मानपुर चक्क बासौदा, सिरोंज से लाखाखेड़ी, सिरोंज सकराई, ऐंचदा से लाखर, वर्धा से मनिया बरखेड़ा, सोमवारा से बमुरिया मार्ग लंबाई 10.00 कि.मी., कुल लंबाई 23.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।					
2020_PWDRB_114800	विदिशा	बी.टी. रिन्यूवल	प्रथम	183.07	183070/-
115529	झिरन्या	04 ग्राम (देवित बुजुर्ग, खारवा, चैनपुर, निमसेठी)	307.3310 लाख	3,07,331/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
115530	झिरन्या	04 ग्राम (भावसिंगपुरा, कमोदवाड़ा, अम्बाडोचर करान्या)	316.315 लाख	3,16,320/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

1. ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की एवं निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि 09.12.2020, समय 17.30 बजे।**
2. ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 12.12.2020
3. निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (ऑनलाइन सिस्टम) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-15877/44754/2020 **लोक स्वा.यांत्रिकी खण्ड, खरगोन**

मुख्यमंत्री ने प्रदेश एवं विश्व कल्याण के लिये किया गौ-पूजन

आगर मालवा, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश एवं विश्व कल्याण के लिए आगर मालवा जिले के सुसनेर के समीप सालरिया में बनाए गए गौ-अभयारण्य में गौ-पूजन किया। गोपाष्टमी के पर्व के अवसर पर गौ-पूजा उपरांत मुख्यमंत्री ने सभी को गोपाष्टमी की शुभकामनाएँ भी दीं।

सालरिया अभयारण्य में गौ-पूजा सुसनेर के पंडित बालाराम व्यास के सान्निध्य में की गई। इस दौरान जानकारी दी गई कि गोपाष्टमी पर्व पर गौ-पूजन का विशेष महत्व है। भगवान श्री कृष्ण द्वारा आज ही के दिन प्रथम बार गाय चराई गई थी। यह मुहूर्त महर्षि शांडिल्य द्वारा निकाला गया था। तब से प्रतिवर्ष गोपाष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। पूजन अर्चन में पंडित दिलीप देशमुख, पंडित शिव नारायण व्यास, पंडित विशाल व्यास, पंडित मुकेश व्यास और पंडित लखन व्यास द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। पूजन में सर्वप्रथम स्वस्ति वाचन किया गया, इसके पश्चात गौरी गणेश पूजन, रूद्र पूजन, गोपाल पूजन और 11 गायों का मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विधिपूर्वक पूजन किया। गौ पूजा के बाद श्री चौहान ने अभयारण्य परिसर में गौ निर्मित उत्पादों की निर्माण इकाई का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया

मुख्यमंत्री ने आगर-मालवा जिले के गौ-अभयारण्य सालरिया में 36 लाख 55 हजार के 5 निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया। भूमि-पूजन कार्यों में नवीन तालाब कामधेनु फरसपुरा, सेमली के रास्ते पर फरसपुरा चेकडैम निर्माण कार्य, डगआउट पौण्ड निर्माण अनुसंधान केंद्र के पास एवं आवासीय परिसर के पास गौ-अभयारण्य फसरपुरा तथा गौ-शाला के रास्ते के पास कन्टूर ट्रेंच निर्माण कार्य शामिल हैं।

कोरोना संक्रमण रोकने जनसहयोग से करें बचाव के सभी उपाय

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, देश और प्रदेश में कोरोना वायरस का संक्रमण गत दिनों में बढ़ा है। कुछ शहरों में अधिक बढ़ा है। आमजन में जागृति लाकर और जनसहयोग से बचाव के सभी उपाय अपनाकर संक्रमण को रोकने के प्रयास किये जायें। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा करते हुये कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में कोरोना संक्रमण की दर सामान्य से अधिक है, वहां जिले के प्रभारी अधिकारी और जिला प्रशासन जनसहयोग लेकर बचाव के सभी उपाय सुनिश्चित करें। आमजन को स्वयं आगे आकर मास्क का उपयोग करने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, रात्रि में देर रात तक दुकान नहीं खोलने, भीड़ होने से रोकने और जनता कर्फ्यू लगाने जैसे उपाय करने के लिए प्रेरित किया जाए। जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप प्रभावी भूमिका निभाएं।

श्री चौहान ने कहा कि आपदा प्रबंधन समिति की बैठकों के निर्णय राज्य शासन को मिल गये हैं। इन पर विचार कर अनुमति दी जा रही है। कोरोना संक्रमण को समाप्त करने के लिए प्रयासों के अंतर्गत जिला-स्तरीय आपदा मैनेजमेंट ग्रुप को प्रभावी और सशक्त बनाया जाए।

कलेक्टर्स आवश्यक वस्तुओं का परिवहन निर्बाध रूप से होने दें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कलेक्टर्स देखें कि कहीं भी बाजार और मोहल्लों को अनावश्यक रूप से बंद नहीं किया जाए। जहां जरूरी हो वहीं बंद रखने का निर्णय लें। बाजार बंद करने की स्थिति में यह सुनिश्चित हो कि आवश्यक वस्तुओं फल, दूध, सब्जी आदि के परिवहन पर रोक नहीं लगाई जावे। यह कार्य निर्बाध होता रहे, लोगों को दिक्कत नहीं होना चाहिए। श्री चौहान ने अधिक संक्रमण दर वाले जिलों के कलेक्टर्स से संक्रमण रोकने, अपनाये गये उपायों की जानकारी ली।

कलेक्टर्स ने बताया कि त्योहारों के कारण बाजारों में भीड़ बढ़ी थी। इसके कारण ही कोरोना के प्रकरण पुनः बढ़ने लगे हैं। प्रदेश में अलग-अलग जिलों में कोरोना संक्रमण बढ़ने की दर अलग-अलग है। परन्तु इन्दौर, भोपाल, विदिशा, रतलाम, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर तथा धार जिलों में यह दर अधिक है। मुख्यमंत्री ने इन जिलों में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और आम जनता से गंभीरतापूर्वक कोविड गाइडलाइन का पालन करने का संकल्प लेने और आवश्यक प्रतिबंध लगाने के लिये कहा है।

रोको-टोको का नवाचार सराहनीय, संक्रमण नियंत्रण के लिए यह अच्छा

श्री चौहान ने कहा कि कुछ जिलों में संक्रमण रोकने के लिए नवाचार किए हैं। उज्जैन कलेक्टर ने आमजन को मास्क के महत्व से अवगत करवाने के लिए रोको-टोको अभियान चलाया है, जिससे संक्रमण के नियंत्रण में आसानी होगी। धार कलेक्टर ने भी उद्योगपतियों और व्यापारियों से स्वैच्छिक सहयोग प्राप्त किया है। जनता कर्फ्यू के नाम से रात्रिकालीन कर्फ्यू की व्यवस्था प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता स्वयं जागरूक रहे तो प्रकरण नहीं बढ़ेंगे।

शहरी लोगों को अधिक सजग रहने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नए कोरोना प्रकरणों में 85 प्रतिशत शहरी क्षेत्र से और 15 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र से आए हैं। शहरी क्षेत्रों में भीड़भाड़ अधिक रहती है। अतः शहरों में सुरक्षित दूरी बनाने की आवश्यकता अधिक है।

श्री चौहान ने युवाओं से लापरवाही न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के सभी उपायों को अपनाएं।

ग्रामीण नल-जल प्रदाय के लिये इन्दौर संभाग में 580 योजनायें मंजूर

नल कनेक्शन से जल प्रदाय के लिए खर्च होंगे करीब 591 करोड़ रुपये

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इंदौर संभाग के इन्दौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, खण्डवा तथा बुरहानपुर जिले में 580 ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजनाओं के लिये 590 करोड़ 84 लाख 97 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। विभाग के मैदानी अमले द्वारा जल-जीवन मिशन के मापदण्डों के अनुसार प्रकिया प्रारम्भ भी की जा रही है।

प्रदेश की ग्रामीण आवादी शुद्ध पेयजल के लिए परेशान न हो इसके लिए सरकारी प्रयास तेजी से जारी हैं। जहां जलस्रोत हैं, वहां उनका समुचित उपयोग कर आस-पास के ग्रामीण रहवासियों को पेयजल प्रदाय किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ जलस्रोत नहीं हैं वहां यह निर्मित किए जायेंगे। कोई भी ग्रामीण रहवासी पेयजल के लिए परेशान नहीं हो यह व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से अगले तीन साल (2023 तक) में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

राष्ट्रीय जल-जीवन मिशन के तहत किये जा रहे हैं कार्य

राष्ट्रीय जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत समग्र ग्रामीण आवादी को घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरचनाओं की स्थापना एवं विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। इनमें इन्दौर जिले की 156, धार जिले की 180, झाबुआ जिले की 34, बड़वानी जिले की 80, अलीराजपुर जिले की 15, खरगोन जिले की 24, खण्डवा जिले की 82 तथा बुरहानपुर जिले की 09 जल संरचनायें शामिल हैं। इन जिलों के लिए नवीन योजनाओं के साथ ही विभिन्न ग्रामों में पूर्व से निर्मित पेयजल अधोसंरचनाओं को नये सिरे से तैयार कर रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है।

सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता महिला सशक्तीकरण - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता महिलाओं का सशक्तीकरण है। इसके लिए सरकार उन्हें विभिन्न गतिविधियों के लिए 4 प्रतिशत ब्याज पर बैंकों से ऋण दिला रही है तथा शेष ब्याज की राशि मध्यप्रदेश सरकार भर रही है। इस वर्ष महिलाओं को उनकी आर्थिक गतिविधियों के लिए 1400 करोड़ रुपये की राशि दिलाई जा रही है। इसी के साथ यह भी निर्णय लिया गया है कि सरकारी खरीद का एक हिस्सा महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों का होगा। उनकी बनाई सामग्रियों को बाजार प्रदान करने तथा प्रोत्साहित करने के लिए शहरों में 'मॉल्स' में भी रखा जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के वर्चुअल क्रेडिट कैम्प में उन्हें 150 करोड़ रुपये की ऋण राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित करते हुये।

इस साल 30 लाख बहनों को स्व-सहायता समूह से जोड़ना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में 35 लाख बहनें स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हैं तथा विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियां सफलतापूर्वक संचालित कर रही हैं। इस बार बहनों को स्कूल गणवेश का कार्य दिया गया है। इसी के साथ कई स्थानों पर वे 'रेडी टू इंट' पोषण आहार का निर्माण भी कर रही हैं। हमें इस वर्ष 30 लाख और महिलाओं को आवश्यक प्रशिक्षण देकर स्व-सहायता समूहों से जोड़ना है। ये महिलाएं 'लोकल को वोकल बनाएंगी' तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण करेंगी।

पंडोला, श्योपुर के विस्मिल्ला स्व-सहायता समूह की मोबिना बहन ने बताया कि उनके समूह की महिलाएं अलग-अलग आर्थिक गतिविधियां कर रही हैं तथा हर सदस्य प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपये की मासिक आय प्राप्त कर रही हैं। पहले उन्हें बैंक से 50 हजार रुपये मिले, फिर 2 लाख जो कि उन्होंने वापस कर दिए। अब 3 लाख रुपये का लोन पास हो गया है। मोबिना स्व-सहायता समूहों के संबंध में भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को पढ़ाने मसूरी भी जा चुकी हैं।

बहनों इसी तरह आगे बढ़ती रहो

बैतूल जिले के ग्राम राठीपुर के पलक आजीविका स्व-सहायता समूह की बहन दुर्गा पंवार ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को बताया कि पहले उन्हें 50 हजार रुपये का लोन लिया था अब 5 लाख का लोन लिया है। समूह दूध, सब्जी, मास्क निर्माण व सिलाई का कार्य करता है। अब पशु आहार बनाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों इसी तरह आगे बढ़ती रहो और प्रदेश का नाम रोशन करो।

बिजली कंपनी के आउटसोर्स श्रमिकों को अविद्युतीय दुर्घटना पर मिलेगी सहायता

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कुशल एवं अकुशल श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस फैसले के अंतर्गत उन्हें बाहरी एजेंसी का व्यक्ति मानते हुए कार्य के दौरान अपरिहार्य अविद्युतीय दुर्घटना (यथा कार्य के दौरान पोल/सीढ़ी से फिसल कर गिरना/चोट लगना/कंपनी के वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने) से प्रभावित होने पर भी उन्हें विद्युत दुर्घटना में प्रभावित बाहरी व्यक्तियों के समकक्ष विद्युत दुर्घटना में मिलने वाली आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाएगी।

इस फैसले के अंतर्गत यदि कोई आउटसोर्स एजेंसी का कुशल अथवा अकुशल श्रमिक कार्य के दौरान मृत हो जाता है तो उसके परिवार अथवा निकटतम वारिस को 4 लाख की आर्थिक सहायता बिजली कंपनी द्वारा दी जाएगी। इसी प्रकार विद्युत दुर्घटना में 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत विकलांगता की अवस्था में वित्तीय सहायता के रूप में 59 हजार 100 रुपये, 60 प्रतिशत से अधिक विकलांगता पर 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

ग्वालियर-चम्बल संभाग के गांवों में मिलेगा नल से जल

भोपाल, मध्यप्रदेश की ग्रामीण आवादी शुद्ध पेयजल के लिए परेशान न हो इस दिशा में सरकारी प्रयास तेजी से जारी हैं। जहां जलस्रोत हैं, वहां उनका समुचित उपयोग कर आसपास के ग्रामीण रहवासियों को नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जायेगा। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्रोत नहीं हैं वहां यह निर्मित किए जायेंगे। कोई भी ग्रामीण रहवासी पेयजल के लिए परेशान नहीं हो यह व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से अगले तीन सालों (2023 तक) में पूरा करने का लक्ष्य है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्वालियर-चम्बल संभाग के ग्वालियर, गुना, अशोकनगर तथा भिण्ड जिले में 134 ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजनाओं हेतु 137 करोड़ 18 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। विभाग के मैदानी अमले द्वारा जल जीवन मिशन के मापदंडों के अनुसार प्रकिया प्रारम्भ की जा रही है।

राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश की समग्र ग्रामीण आवादी को घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरचनाओं की स्थापना एवं विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। इनमें ग्वालियर जिले की 66, गुना 22, अशोकनगर 20 तथा भिण्ड की 26 जल संरचनायें शामिल हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एनर्जी स्वराज यात्रा

नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करेगा मध्यप्रदेश-मुख्यमंत्री

मुख्य अतिथि
श्री. शिवराज सिंह चौहान
माननीय मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश
एनर्जी स्वराज फाउंडेशन तथा ऊर्जा विकास निगम, मध्य प्रदेश शास
26 नवंबर 2020 मिन्टो हॉल, भोपाल,
आइये हम सब मिलकर एनर्जी स्वराज आंदोलन के
Energy Swaraj Foundation
Energy by Locals for Locals

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में एनर्जी स्वराज यात्रा के प्रारंभ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, बिगड़ते पर्यावरण से समाज के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया है। सौर ऊर्जा सहित अक्षय ऊर्जा के अन्य साधनों का उपयोग हमें इस खतरे से बचा सकता है। मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करके दिखायेगा। वर्ष 2010 में मध्यप्रदेश में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा विभाग बनाया गया। वर्ष 2012 में 400 मेगावॉट के सौर ऊर्जा उत्पादन के बाद वर्तमान में नवकरणीय ऊर्जा से 5 हजार मेगावॉट उत्पादन तक हम पहुँच चुके हैं। वर्ष 2022 तक 10 हजार मेगावॉट उत्पादन का लक्ष्य है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मिन्टो हॉल सभाकक्ष में एनर्जी स्वराज यात्रा प्रारंभ होने के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

प्रो. चेतन सोलंकी मध्यप्रदेश का हीरा

मुख्यमंत्री ने आई.आई.टी. मुम्बई के पूर्व छात्र प्रो. चेतन सोलंकी द्वारा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किये गये नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश ऐसा प्रदेश है जहाँ हीरे निकलते हैं। प्रो. चेतन किसी हीरे से कम नहीं हैं। आज जब निरंतर पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है और ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों के प्रचार-प्रसार और उपयोग की अत्यधिक आवश्यकता है, तब प्रो. चेतन ने एनर्जी स्वराज यात्रा की पहल कर अत्यन्त सराहनीय कार्य किया है। इसके लिये उन्होंने एनर्जी स्वराज फाउण्डेशन स्थापित किया है। मध्यप्रदेश शासन इसे पूरा सहयोग करेगा।

श्री चौहान ने कहा कि सौर ऊर्जा को अधिक से अधिक लोकप्रिय बनाने के प्रयास किये जायेंगे। मध्यप्रदेश के युवा प्रो. चेतन सोलंकी जन-जागृति के लिये परिवार से दूर रहकर 11 वर्ष की एनर्जी स्वराज यात्रा पर निकले हैं। उनका इस राष्ट्र कल्याण के महत्वपूर्ण कार्य के लिये अभिनन्दन करते हुए उन्हें मध्यप्रदेश का ब्रॉण्ड एम्बेसडर बनाया जा रहा है। प्रो. चेतन सोलंकी के प्रयासों में हमें भागीदार बनना होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि सोलर एनर्जी प्योर, श्योर और सेक्योर है। इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं है। प्रत्येक नागरिक को प्रो. सोलंकी का हृदय से अभिनन्दन करना चाहिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विचारणीय है कि हम कैसी धरती चाहते हैं। मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा के उपयोग की शुरुआत नीमच में 135 मेगावॉट के संयंत्र से हुई। बाद में रीवा में 750-750 मेगावॉट के संयंत्र शुरू हुए। इसे निरन्तर बढ़ाया जायेगा। अनेक जिलों में सौर ऊर्जा परियोजनाओं का क्रियान्वयन होगा। सस्ती बिजली का लाभ नागरिकों को प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री ने गुजरात में पानी पर सोलर पैनल बिछाने का कार्य करवाया है। मध्यप्रदेश में ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर प्लाट पैनल स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग घरों तक बढ़ाया जायेगा। श्री चौहान ने प्रो. सोलंकी द्वारा विकसित ऐसे घर को उपयोगी बताते हुए इसे बिजली पर दी जाने वाली करोड़ों रुपये की सब्सिडी की बचत का माध्यम भी बताया।

एनर्जी स्वराज यात्रा का उद्देश्य

प्रो. चेतन सोलंकी खरगोन जिले के रहने वाले हैं। उन्होंने गत 20 वर्ष से सौर ऊर्जा पर नवाचार और शोध कार्य किया है। उन्हें आई.ई.ई.ई. संस्था ने 10 हजार डॉलर का अवॉर्ड दिया है। इसके साथ ही उन्हें प्राइम मिनिस्टर अवॉर्ड फॉर इनोवेशन दिया जा चुका है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उनके कार्य को इसलिये भी सम्मान प्राप्त है क्योंकि उन्होंने 'ऊर्जा स्वराज' शब्द गढ़ा है। ऊर्जा स्वराज यात्रा दिसम्बर 2030 तक चलेगी। इसका उद्देश्य जन-जन को सौर ऊर्जा के उपयोग और उसके महत्व से अवगत करवाना है। ऊर्जा स्वराज आन्दोलन जलवायु परिवर्तन की दिशा में लोगों को सचेत करते हुए सौर ऊर्जा को एक समाधान के रूप में अपनाने के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है।

श्री चौहान ने मिन्टो हॉल परिसर में सोलर एनर्जी हाउस का अवलोकन किया और प्रो. चेतन सोलंकी से इसकी कार्य पद्धति की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के पश्चात एनर्जी स्वराज यात्रा का वाहन रवाना किया।

प्रदेश मे बांस मिशन पर तेजी से कार्य किया जाएगा - मुख्यमंत्री

उमरिया, मध्यप्रदेश में बांस मिशन को तेजी से क्रियान्वित किया जाएगा। प्रदेश के वनवासियों को उच्च गुणवत्ता के बांस रोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा बांस उत्पादन के माध्यम से वनवासियों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। मध्यप्रदेश में उच्च गुणवत्ता के बांस उत्पादन के क्षेत्र में क्रांति आनी चाहिए तथा इसके माध्यम से वनवासियों के जीवन में सुधार आना चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उमरिया जिले के राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ में वन विभाग की बैठक के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में बांस आधारित लघु उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाए तथा बांस के माध्यम से लोगों को रोज़गार से लाभ मिले तथा वृहद स्तर पर वनवासी लाभान्वित हों, इसके प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में तेंदूपत्ता के अलावा अन्य वनोपजों के संवर्धन और संरक्षण के प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक वनों चिरौंजी, महुआ, बहेड़ा, आंवला एवं अन्य प्राकृतिक वनों का संरक्षण और संवर्धन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक वनों के संरक्षण और संवर्धन के कार्य को अति गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वनोपज को बढ़ावा देने के लिए वृहद स्तर पर पौधरोपण कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के वनवासियों को वनोपज का वाजिब लाभ मिले इसके लिए सतत प्रयास किए जाएं। प्रदेश शासन नें 32 प्रजातियों के वनोपज का समर्थन मूल्य घोषित किया है, इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि वनोपज संग्राहकों को वाजिब मूल्य मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औषधीय पौधों की खेती को भी प्रोत्साहित किया जाए।

बैठक में प्रदेश के वनों में वफर में सफर संकल्पना के उद्देश्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वफर में सफर कार्यक्रम के तहत वनों में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएं, प्रदेश में चिन्हित 24 वफर जोन में वफर में सफर की कार्य योजना को समय-सीमा में प्रारंभ किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने अंडमान एवं निकोबार दीप समूह से प्राप्त राशि से वृक्षारोपण की कार्य योजना की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस राशि से वृक्षारोपण कर वनों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण की प्रामाणिकता सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रदेश के वन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 4 नए टाइगर सफारी कान्हा, बांधवगढ़, पेंच एवं सतपुड़ा में प्रारंभ करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। सागर तथा बुरहानपुर में नवीन अभयारण्य की स्थापना हेतु कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में नवीन वृक्षारोपण अधिनियम लाया जा रहा है। साथ ही काष्ठ उत्पादक कृषक एवं व्यापारियों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए काष्ठ उद्योग एवं संचालन अधिनियम प्रस्तावित है। वन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में ग्राम वन समितियों को भी सशक्त बनाया जा रहा है तथा उनके माध्यम से वनों का सुधार कार्य कराया जा रहा है।

कोरोना की वैक्सीन आने वाली है, लेकिन ढिलाई न बरतें

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना की वैक्सीन जल्द ही आने वाली है। इस पर तेजी से कार्य चल रहा है। मध्यप्रदेश में भी राज्य सरकार ने इस संबंध में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैक्सीन आने से ही समस्या पूरी तरह हल नहीं होगी। अभी वैक्सीन आयी नहीं है, इसलिए किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाना चाहिए। श्री चौहान ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि मास्क के उपयोग, दो गज की दूर रखने और साबुन से बार-बार हाथ धोने जैसी सावधानियों का निरंतर पालन करें।

मुख्यमंत्री ने स्वैच्छिक संगठनों से भी आग्रह किया कि वे भी लोगों को मास्क के उपयोग के लिए समझाइश दें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे खुद हर जगह मिलने वाले लोगों को मास्क के उपयोग की बात समझाते हैं, उन्हें मास्क वितरित भी करते हैं। यह कार्य सभी को मिलकर करना है।

दिल्ली-मुम्बई कॉरिडोर से जोड़ने के लिए प्रदेश में बनेगी फोरलेन रोड

भोपाल, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा है कि दिल्ली-मुम्बई कॉरिडोर को जोड़ने वाले 173 किलोमीटर लम्बाई वाले फोरलेन 'इन्दौर-देवास-उज्जैन-आगर-गरोठ' मार्ग प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसके निर्माण से प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि दिसम्बर 20 तक इस मार्ग का अवॉर्ड पारित कर दिया जाएगा।

श्री भार्गव ने कहा कि भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी दिल्ली-मुम्बई कॉरिडोर का 244 किलोमीटर हिस्सा मध्यप्रदेश से होकर गुजरेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर भारत सरकार द्वारा एक लाख करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा रही है। इस मार्ग को 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली-मुम्बई मार्ग का लाभ सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को प्राप्त हो सके, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार द्वारा 'इन्दौर-देवास-उज्जैन आगर-गरोठ' तक 173 किलोमीटर वाले फोरलेन सड़क मार्ग निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से ग्वालियर से देवास, भोपाल से देवास, इन्दौर मार्ग भी जुड़ जायेंगे।

श्री भार्गव ने बताया कि केंद्रीय भू-तल परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी ने चम्बल अटल प्रोग्रेस-वे की स्वीकृति के समय प्रदेश की पिछली सरकार के समय खनिज विभाग की अनुमतियों में विलम्ब की ओर ध्यान आकृष्ट किया था, जिस पर पिछले छह माह में सभी गतिरोध दूर कर व्यवस्था सुधारी गई है। पिछले छह माह में ही कोरोना के संक्रमण काल के दौरान भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में कलेक्टरों एवं राजस्व मशीनरी द्वारा 540 करोड़ रुपये से अधिक राशि के भू-अर्जन के मुआवजे वितरण किए गए हैं, जो निरन्तर जारी हैं।

खनिज विभाग की अनुमतियां भी अब केवल सात दिन में दी जा रही हैं। प्रदेश सरकार ने एक कदम आगे बढ़ते हुए भारतमाला परियोजना के लिए गौण खनिज की रॉयल्टी से छूट का निर्णय भी लिया है। मध्यप्रदेश इस योजना का लाभ उठाने में केंद्र सरकार की अपेक्षाओं से एक कदम आगे बढ़कर ही काम करेगा और रोज़गार तथा उद्योग के साथ-साथ अधोसंरचना विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

तकनीकी और कौशल विकास की एकीकृत शिक्षा के लिए बनेगी रणनीति



तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करती हुई।

भोपाल, इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को भी कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है। किसी भी संस्थान में प्रतिस्पर्धा के वातावरण में काम किया जा रहा है, परिणामस्वरूप निरंतर कौशल प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता की मांग बढ़ रही है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अन्तर्गत तकनीकी शिक्षा, कौशल तथा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एकीकृत शिक्षा पर कार्य करने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है। आरजीपीवी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुवर्तन में टास्क फोर्स का गठन किया गया है। यह बातें तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने भोपाल में 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के संदर्भ में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुये कहीं।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित करते हुए देश और मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। वर्तमान में खिलौना उद्योग प्राथमिकता में आ गया है। प्रदेश के आईटीआई में पारंपरिक ट्रेड के साथ खिलौना बनाने की तकनीक पर भी पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों को भी खिलौना उद्योग से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

समाधान योजना

प्रथम चरण में आये 16 हजार 500 आवेदन

भोपाल, मध्यप्रदेश कराधान अधिनियमों की पुरानी बकाया राशि का समाधान अध्यादेश-2020 लागू होने के बाद प्रथम चरण (60 दिवस) में 16 हजार 500 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों के साथ 115 करोड़ 30 लाख रुपये शासकीय कोष में जमा करवाये गये। अध्यादेश 26 सितम्बर 2020 को लागू हुआ था। इसमें 60, 90 एवं 120 दिन के भीतर आवेदन करने पर अलग-अलग लाभ के प्रावधान किये गये हैं।

संचालक वाणिज्यिक कर श्री एन.एस. मरावी ने जानकारी दी है कि समाधान योजना में 31 मार्च 2016 तक की अवधि के कर निर्धारण प्रकरणों में निकाली गयी अतिरिक्त मांग की लंबित बकाया राशि के समाधान का प्रावधान रखा गया है। योजना 26 सितम्बर, 2020 से 23 जनवरी 2021 तक के लिये है।

योजना के क्रियान्वयन के लिये 145 से अधिक वेबिनार/सेमीनार आयोजित किये गये। इसी कड़ी में वेट के तहत पंजीकृत लगभग 3 लाख करदाताओं को एसएमएस के माध्यम से योजना का लाभ लेने का आग्रह किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

गौ-सेवा संस्थाओं और संतों से चर्चा कर गौ-पालन की बनेगी नई नीति

आगर-मालवा, गौ-सेवा में संलग्न सभी प्रमुख समाजसेवी संगठनों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा संत समाज से चर्चा कर मध्यप्रदेश में नई नीति बनायी जाएगी। गौ-अभयारण्य सालरिया को एक आदर्श स्वरूप में विकसित किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आगर-मालवा जिले के गौ-अभयारण्य सालरिया में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों और संत समाज के साथ गोष्ठी कर उनके सुझाव प्राप्त करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ माता की सेवा और इससे आज की नयी पीढ़ी को जोड़ने के लिए गौ पर्यटन की नीति बनायी जाएगी। बैठक में उपस्थित देश के विभिन्न हिस्सों से आये संस्थाओं के प्रतिनिधियों और संत समाज के समक्ष श्री चौहान ने प्रस्ताव रखा कि मध्यप्रदेश में स्थापित विभिन्न गौ-शालाओं के संचालन के लिए क्या स्वयंसेवी संस्थाओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज गोपाष्टमी के पावन अवसर पर अंतर्मन से यह भाव आया है कि मध्यप्रदेश में गौ-सेवा के संबंध में एक नीति बनायी जाए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान गौ-अभयारण्य सालरिया में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों और संतों से गोष्ठी कर सुझाव प्राप्त करते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में गौ-सेवा के लिए समेकित नीति बनाए जाने की शुरुआत की गई है। गौ-शालाओं का संचालन केवल सरकार अकेले करे इससे बेहतर है कि इसमें श्रद्धा, आस्था और समर्पण भाव रखने वाली विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं को भी जोड़ा जाए। श्री चौहान ने चर्चा उपरांत कहा कि शीघ्र ही इस संबंध में सभी संस्थाओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा एक वर्चुअल मीटिंग रखी जाएगी, ताकि सभी के सुझाव वृहद स्वरूप में प्राप्त हो सकें। इसी के आधार पर मध्यप्रदेश में नई गौ नीति बनायी जाएगी।

श्री चौहान ने कहा कि गौ-मूत्र से बने कीटनाशक हमें ज़हरीले केमिकल से मुक्ति दिला सकते हैं, वहीं गौ-काष्ठ और अन्य उत्पाद आज अधिक प्रासंगिक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे समक्ष गौशालाओं के संचालन के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं को आगे रखने और इन गौशालाओं में बेहतर संसाधन के लिए गौ-ग्रास के रूप में न्यूनतम राशि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

मुख्यमंत्री के प्रस्ताव का सभी ने स्वागत किया

गोष्ठी में गौशालाओं का संचालन इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाओं को देने के प्रस्ताव का उपस्थित सभी जनों ने स्वागत किया एवं सराहना की। सभी वर्ग का कहना था कि इससे गौशालाओं का न केवल बेहतर संचालन होगा अपितु जन-भागीदारी और जन-सहभागिता भी बढ़ेगी। सालरिया के गौ-अभयारण्य के संबंध में भी विस्तृत चर्चा हुई और उपस्थित जनों ने इस गौशाला को स्वावलंबी बनाने पर बल दिया। बैठक में कहा गया कि स्थानीय नस्लों की गायों को संरक्षित करने के लिए भी कार्य योजना बनानी चाहिए। गौ-उत्पाद का उचित मूल्य मिले। गुजरात से आए संत समाज ने कहा कि गौ सेवा पर्यटन को भी बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है।

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल- 462004

विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश का एक और अवसर

एआईसीटीई द्वारा जारी संशोधित अकादमिक कैलेण्डर अनुसार प्रवेश की अंतिम तिथि 05-12-2020

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) 2020-21

प्रदेश में स्थित विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं में संचालित पाठ्यक्रमों यथा- बीई/बीटेक., बी-डी. फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, बीएचएमसीटी, डिप्लोमा (इंजी.,नॉनपीपीटी, एकलव्य-अंबेडकर), एमई/एमटेक, एम.फार्मेसी इत्यादि

समय-सारणी

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	प्रवेश
29.11.2020 से 03.12.2020	04.12.2020 एवं 05.12.2020

प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन करा चुके अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट पर संस्था/ब्रांच की उपलब्ध रिक्तियों का अवलोकन कर, उपरोक्त दशाई गई तिथियों में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिए इच्छुक संस्था में प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। अभ्यर्थियों की उपस्थिति पश्चात तैयार मेरिट अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।

काउंसलिंग में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर लेवें।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441 | ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in
अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति, आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/99074/2020 R-44783

कोरोना को पूरी सावधानी से नियंत्रित करना है - मुख्यमंत्री

उमरिया, हमें पूरी सावधानियां बरतते हुए कोरोना को पूर्ण रूप से नियंत्रित कर समाप्त करना है, परंतु इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि आर्थिक गतिविधियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। विवाह आयोजनों, वस्तुओं के परिवहन आदि में कोई बाधा नहीं आना चाहिए और ना ही कोई समय का बंधन। आयोजनों में शामिल होने वाले व्यक्तियों की संख्या सीमित की जा सकती है। जिन क्षेत्रों में संक्रमण अधिक है, वहां छोटे-छोटे कंटेनमेंट जोन्स भी बनाए जाएं। इस संबंध में जिले के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय ले सकते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उमरिया जिले के बांधवगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मास्क लगाने का सख्ती से पालन किया जाना अनिवार्य है। सभी दुकानदार एवं ग्राहक अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं। मास्क न लगाने पर जुर्माना भी किया जाए। एक-दूसरे से आवश्यक दूरी बनाए रखने संबंधी सावधानी भी बरती जाना आवश्यक है। इस संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाया जाए।

इन्दौर एवं भोपाल में विशेष सावधानी बरती जाए

कोरोना संक्रमण की जिलेवार समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने इन्दौर एवं भोपाल में विशेष सावधानी बरते जाने के निर्देश दिए। प्रदेश में सर्वाधिक कोरोना के नए मरीज इन्दौर में और भोपाल में मिले हैं। भोपाल की गत सात दिनों की पॉजिटिविटी रेट 12 प्रतिशत है, वहीं इन्दौर की 10 प्रतिशत। श्री चौहान ने इन्दौर एवं भोपाल में विशेष सावधानी बरते जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार छोटे-छोटे कंटेनमेंट जोन बनाए जाएं। कोरोना संक्रमण को रोकना है तथा पॉजिटिविटी रेट को किसी भी हालत में 05 प्रतिशत से ऊपर नहीं जाने देना है। भोपाल में कोलार रोड क्षेत्र में सर्वाधिक मरीज आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिक संक्रमण वाले क्षेत्रों में कंटेनमेंट जोन बनाए जाने के निर्देश दिए।

अधिक पॉजिटिविटी वाले जिले विशेष ध्यान दें

श्री चौहान ने जिलावार समीक्षा में पाया कि इन्दौर एवं भोपाल के साथ ही ग्वालियर, रतलाम, विदिशा, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया एवं अनूपपुर जिलों की गत सात दिनों की पॉजिटिविटी रेट अधिक आयी है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

सैम्पलिंग पर्याप्त संख्या में की जाए

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में पर्याप्त संख्या में सैम्पलिंग की जाए जिससे कि कोरोना को जल्दी पहचान कर उसका इलाज किया जा सके। सभी कोरोना अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में बैड्स, ऑक्सीजन बैड्स, आई.सी.यू. आदि की व्यवस्था हो। जहां आवश्यकता हो बैड्स की संख्या बढ़ाई जाए।

'होम आइसोलेशन' की अच्छी मॉनीटरिंग हो

प्रदेश में कोरोना के कुल मरीजों में 59 प्रतिशत मरीज 'होम आइसोलेशन' में हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हर जिले में 'कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर्स' के माध्यम से इन मरीजों की अच्छी देखभाल होनी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर तुरंत उन्हें अस्पतालों में शिफ्ट किया जाना चाहिए।

प्रदेश में कोरोना के 12 हजार 979 सक्रिय मरीज

समीक्षा में पाया गया कि प्रदेश में 12 हजार 979 कोरोना के सक्रिय मरीज हैं। प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी रेट 5.5 प्रतिशत है। कोरोना रिकवरी रेट 91.8 प्रतिशत है तथा मृत्यु दर 1.6 प्रतिशत है। प्रति 10 लाख मरीज टैस्टिंग 41 हजार 734 है। प्रदेश में 03 नवम्बर से कोरोना के एक्टिव केसेस दोबारा बढ़ने लगे हैं। एक्टिव केसेस की संख्या जो 8 हजार 44 रह गई थी, अब बढ़कर 12 हजार 979 हो गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

डगलस स्टुअर्ट

उपन्यास 'शगी बेन' को बुकर पुरस्कार

न्यूयॉर्क में बसे स्कॉटलैंड के लेखक डगलस स्टुअर्ट को

उनके पहले उपन्यास 'शगी बेन' के लिए 2020 का बुकर पुरस्कार दिया गया। भारतीय मूल की लेखिका अवनी दोशी का पहला उपन्यास 'बर्नट शुगर' भी इस श्रेणी में नामित था। 44 वर्षीय डगलस ने उपन्यास को लिखने के लिए 10 साल से भी ज्यादा का समय लिया।

डॉक्टर खाबला अल रोमाथी

तीन दिन में 7 महाद्वीपों के 208 देशों की यात्रा कर बनाया रिकॉर्ड

यूएई की डॉक्टर खाबला अल रोमाथी ने 3 दिन 14 घंटे

46 मिनट 48 सेकेंड के सबसे कम समय में सभी 7 महाद्वीपों की यात्रा पूरी कर ली है। उनकी इस यात्रा को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। इस दौरान 208 देशों की यात्रा करने वाली अल रोमाथी ने दिसंबर 2017 में अमेरिका के कासे स्टीवर्ट और जूली बेरी का बनाया 3 दिन 20 घंटे 4 मिनट और 19 सेकेंड का रिकॉर्ड तोड़ा। वे बताती हैं कि यूएई में कई देशों के लोग रहते हैं इसके चलते ही उन्हें दूसरे देश घूमने की प्रेरणा मिली।

अरिसीबो टेलीस्कोप

57 साल बाद बंद हुआ

कैरेबियाई द्वीप प्यूर्टोरिको पर मौजूद विश्व प्रसिद्ध

'अरिसीबो' टेलीस्कोप को यूएस साइंस फाउंडेशन ने 57 साल बाद बंद करने का फैसला किया है। दरअसल केबल्स टूटने के कारण इसके विशाल एंटीना डिश के ढहने का खतरा पैदा हो गया है। दरअसल टेलीस्कोप के 1000 फीट व्यास वाले रेडियो डिस पर लगे वजनी उपकरणों को कई केबल्स संभालते हैं। इसमें से दो केबल टूट गए हैं। यह ज्ञात रहे कि यह टेलीस्कोप अंतरिक्ष में दूसरे ग्रहों और उपग्रहों का पता लगाने के लिए दुनिया भर के खगोलविज्ञानियों के लिए महत्वपूर्ण आँख की तरह है। इसका बंद होना बड़ा नुकसान माना जा रहा है।

नायला अबू जुबा

गाजा पट्टी की पहली महिला ड्राइवर बनीं

इजरायल और आतंकवादी समूह हमास के बीच संघर्ष

के कारण अक्सर सुर्खियों में रहने वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र गाजा पट्टी में एक अच्छी शुरुआत हुई है। इसकी नायिका हैं 39 वर्षीय नायला अबू जुबा। दरअसल नायला धार्मिक रूप से कट्टर समाज वाले गाजा पट्टी की पहली महिला टैक्सी ड्राइवर हैं। फिलिस्तीनी के इस तटीय क्षेत्र में कानूनी तौर पर महिलाओं को वाहन चलाने के अधिकार पुरुषों के बराबर हैं लेकिन व्यवहारिकता में महिलाएं ऐसा नहीं कर पाती हैं।

रूपे कार्ड का

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दूसरा चरण लॉन्च किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान के प्रधानमंत्री

डॉक्टर लोटे शेरिंग के साथ वर्चुअल माध्यम से रूपे कार्ड का दूसरा चरण शुरू किया है। पहले चरण में भारतीय नागरिकों को एटीएम, पीओएस से भूटान में भुगतान की अनुमति थी, दूसरे चरण में भूटानी नागरिक भी भारत में रूपे कार्ड से पूरे एटीएम नेटवर्क और पीओएस का उपयोग कर सकेंगे।

राकेश कुमार भदौरिया

एयरचीफ ने उड़ाया स्वदेशी हेलिकॉप्टर

वायुसेना प्रमुख राकेश कुमार भदौरिया ने बेंगलुरु में

एचएएल द्वारा निर्मित लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर यानि एलसीएच का जायजा लिया। उन्होंने करीब 45 मिनट तक एलसीएच में उड़ान भरी। उन्होंने उड़ान भरने के बाद कहा कि लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर जल्द ही भारतीय रक्षा तंत्र का हिस्सा बनेगा।

पाकिस्तान में

खुदाई में 1300 साल प्राचीन विष्णु मंदिर मिला

पाकिस्तान के स्वात जिले में 1300 साल पुराना भगवान

विष्णु का मंदिर मिला है। पाकिस्तानी और इतालवी पुरातात्विकों ने बारिकोट में घुंडई में खुदाई के दौरान इसकी खोज की है। खैबर पख्तूनख्वा में पुरातत्व विभाग के फजले खलीक ने बताया कि यह मंदिर भगवान विष्णु का है। यह हिंदू शाही काल के दौरान बनाया गया था। हिंदू शाही काल 850-1026 ईस्वी के बीच था।

आदि कैलाश पर्वत को

धरोहर घोषित करने की तैयारी

उत्तराखंड के धारचूला से लगभग 150 किलोमीटर दूर

स्थित आदि कैलाश पर्वत को विश्व धरोहर घोषित करने की तैयारी है। देहरादून स्थित भारतीय वन्य जीव संस्थान के वैज्ञानिकों की टीम इसकी विस्तृत सर्वे रिपोर्ट केंद्र को देगी, जिसे यूनेस्को भेजा जाएगा। यूनेस्को ने नंदा देवी को 1988 और फूलों की घाटी को 2005 में विश्व धरोहर सूची में शामिल किया था।

सीमा ढाका

76 बच्चों को ढूंढ़ने में रहीं कामयाब

दिल्ली पुलिस की महिला हेड कॉन्स्टेबल सीमा ढाका को

76 गुमशुदा बच्चों को ढूंढ़ने के लिए आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देकर एएसआई बनाया गया है। ऐसा प्रमोशन पाने वाली वह दिल्ली की पहली पुलिसकर्मी हैं। उन्होंने जिन 76 गुमशुदा बच्चों को ढूंढ़ा था, उसमें से 56 की उम्र 14 साल से कम है। यह बच्चे दिल्ली के अलावा पंजाब और पश्चिम बंगाल जैसे दूसरे राज्यों के भी हैं।

अरार बॉर्डर

सऊदी-इराक बॉर्डर 30 साल बाद खोला गया

सऊदी अरब और इराक के संबंधों में दरार पड़ने के

कारण बंद किया गया अरार बॉर्डर अब 30 साल बाद खोल दिया गया है। यह 1990 से बंद था। इराक के गृहमंत्री और सऊदी के वरिष्ठ अधिकारियों ने रिबन काटकर समारोहपूर्वक बॉर्डर को खोला। साथ ही दोनों देशों के लिए हमेशा खुला रखने का ऐलान किया। बॉर्डर खुलते ही दोनों तरफ खड़े ट्रकों ने सीमा पार की। ज्ञात रहे कि इराकी शासक सद्दाम हुसैन के कुवैत पर हमला करने के बाद सऊदी अरब ने बगदाद से सारे रिश्ते खत्म कर लिये थे।

इंटरनेशनल लैंडस्केप फोटोग्राफर कॉन्टेस्ट

'लाइफ स्ट्रीम बनी' फोटोग्राफ ऑफ द ईयर

सातवें इंटरनेशनल लैंडस्केप फोटोग्राफर ऑफ द ईयर

2020 कॉन्टेस्ट के नतीजे घोषित हो गए हैं। दुनिया भर से आई 3800 एंट्रीज में से साल का बेस्ट ओवरऑल फोटोग्राफ और बेस्ट लैंडस्केप फोटोग्राफर चुना था। इस बार हॉन्गकांग के 24 साल के केल्विन यूएन बेस्ट लैंडस्केप फोटोग्राफर चुने गए। ओवरऑल फोटोग्राफ ऑफ द ईयर का खिताब जर्मनी के काई हॉरनुंग ने जीता। आइसलैंड की इस तस्वीर को काई ने नाम दिया था 'लाइफ स्ट्रीम'।

टॉम एंड जेरी

लोकप्रिय कार्टून पर पहली फिल्म अगले साल

बेहद लोकप्रिय कैरेक्टर टॉम एंड जेरी पर आधारित

पहली फिल्म अगले साल 5 मार्च को रिलीज होगी। वॉनर्स ब्रदर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में भी दोनों की एक-दूसरे से दुश्मनी नजर आएगी। अब तक टॉम एंड जेरी के नाम से डेढ़ सौ से ज्यादा एनिमेशन और टीवी सीरीज आ चुकी हैं।

झांग झान

चीन की पत्रकार को भेजा जेल

चीन में 37 साल की पत्रकार झांग झान को 5 साल जेल

की सजा सुनाई गई है। झांग ने ही सबसे पहले खुलासा किया था कि कोरोना-वायरस वुहान से दुनिया भर में फैला है। उन्हें मई में हिरासत में लिया गया था। अब हाल ही में उन्हें अफवाह फैलाने के आरोप में 5 साल की जेल की सजा मुकर्रर की गई है।

डच सुपरयाट लेडी एस ने

बोट इंटरनेशनल सुपरयाट अवॉर्ड जीता

डच याट कंपनी फेडशिप का सुपरयाट लेडी एस

इंडीविजुअल और मोटर याट दोनों कैटेगरी में पुरस्कार जीतने में सफल रहा। लेडी एस दुनिया की अकेली ऐसी याट है जिसमें डॉल्बी 3डी आइमैक्स सिनेमा लगा हुआ है। ज्ञात रहे कि पिछले 15 साल से लंदन का बोट इंटरनेशनल सुपरयाट अवॉर्ड यह कार्यक्रम कर रहा है, इसमें दुनिया के दिग्गज याट निर्माता एक छत के नीचे जमा होते हैं। इस बार कोरोना की वजह से इस कार्यक्रम का वर्चुअल आयोजन किया गया।

नरेंद्र बत्रा

भारतीय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरेंद्र

बत्रा को खेलों में उनके योगदान के लिए कैपिटल फाउंडेशन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें कैपिटल फाउंडेशन राष्ट्रीय पुरस्कार-2020 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्रसिद्ध न्यायविद, न्यायाधीश कृष्णा अय्यर की 106वीं जयंती के उपलक्ष्य में दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन किया गया।

सोनू सूद को

चुनाव आयोग ने पंजाब का आइकॉन नियुक्त किया

चुनाव आयोग ने अभिनेता सोनू सूद को पंजाब राज्य का

आइकॉन नियुक्त किया है। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी एस. करुणा राजू ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय ने इस संबंध में केंद्रीय चुनाव आयोग को एक प्रस्ताव भेजा था। सूद पंजाब के मोगा जिले के रहने वाले हैं। लॉकडाउन के दौरान मजदूरों को उनके घरों तक पहुँचाने के लिए सोनू सूद सुर्खियों में रहे हैं।

दक्षिण कोरिया में

चावल के बोरे रखकर ड्रोन टैक्सी उड़ी

दक्षिण कोरिया में 2025 से अन्मैन्ड एयर व्हीकल लॉन्च

होने वाले हैं। इसे दे खाते हु ए राजधानी सिओल में एक ड्रोन टैक्सी और ड्रोन से डिलीवरी की टेस्टिंग की गई। खास बात ये है कि 5.6 मीटर चौड़ी इस ड्रोन टैक्सी में इंसान की जगह सीट पर चावल की बोरियाँ रखी गई। टेस्ट के दौरान टैक्सी ने 10 मिनट की सफल उड़ान भी भरी।

विनिशा उमाशंकर को

क्लीन एयर कैटेगरी में मिला चिल्ड्रंस क्लाइमेट प्राइज

13 वर्षीय विनिशा उमाशंकर तिरुवनामलई ने पर्यावरण

बचाने की नेक पहल कर 2020 क्लीन एयर श्रेणी में चिल्ड्रंस क्लाइमेट प्राइज को जीत लिया है। उनका नाम 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों की सूची में शामिल कर उन्हें राष्ट्रीय बालशक्ति पुरस्कार 2021 के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। चिल्ड्रंस क्लाइमेट प्राइज में उन्हें सम्मान के तौर पर 8.64 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा स्वीडन आधारित चिल्ड्रंस क्लाइमेट फाउंडेशन की ओर से मेडल और डिप्लोमा भी दिया गया। विनिशा पिछले वर्ष नवाचार के लिए इग्नाइट (IGNITE) पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं।

स्मृति शेष

गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदुला सिन्हा का निधन

गोवा की पूर्व राज्यपाल, साहित्यकार और वरिष्ठ

नेता मृदुला सिन्हा का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। श्रीमती सिन्हा अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल में केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष रहीं। उनकी पुस्तक 'एक थी रानी ऐसी' पर फिल्म बन चुकी है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

ईर्ष्या, लोभ, क्रोध एवं कठोर वचन–इन चारों से सदा बचते रहना ही वस्तुतः धर्म है – तिरुवल्लुवर

कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ई-मेल : cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक : 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 03/सा/01/विविध/रा.प./2019 (2020-21) **भोपाल, दिनांक : 19.11.2020**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1.	2020_PWDRB_114485_1	विदिशा	प्लान	हांसुआ से कटसारा मार्ग का निर्माण कार्य, लंबाई 5.50 कि.मी.।	प्रथम	617.58	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
2.	2020_PWDRB_114488_1	बुधनी जिला सीहोर	प्लान	भड़कुल से कोसमी मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.00 कि.मी. एवं माथनी मिडिल स्कूल से अन्नपूर्णा मंदिर सतार गांव तक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 3.00 कि.मी. (ग्रुप ए)	प्रथम	687.13	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
3.	2020_PWDRB_114489_1	बुधनी जिला सीहोर	प्लान	सुनेड से पाचौर व्हाया लाचौर मार्ग का निर्माण कार्य लं. 5.00 कि.मी., खात्याखेड़ी से नेहरू मार्ग निर्माण का कार्य लंबाई 1.40 कि.मी. एवं खात्याखेड़ी से रिठवाड़ मार्ग का निर्माण कार्य लं. 3.20 कि.मी. (ग्रुप बी)	प्रथम	581.53	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
4.	2020_PWDRB_114490_1	हरदा	प्लान	मांदला हिवास वारंगा खमलाय सालावेडी मसनगांव तक मार्ग निर्माण कार्य, लंबाई 15.70 कि.मी.।	प्रथम	888.83	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
5.	2020_PWDRB_114491_1	हरदा	प्लान	हरदा हंडिया मुख्य मार्ग से शिशु मंदिर हरदाखुर्द पिडगांव बोरवालाबाबा बेडाटप्पर भुन्नास मार्ग तक निर्माण कार्य, लं. 10.00 कि.मी.।	प्रथम	884.74	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
6.	2020_PWDRB_114492_1	रायसेन	प्लान	भारकच्छ किशनपुर देहरीकलां धंधला मनकापुर मार्ग निर्माण का कार्य, लं. 10.00 कि.मी.।	प्रथम	979.62	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
7.	2020_PWDRB_114493_1	रायसेन	प्लान	ग्राम पंचायत सेमरा के केमखेड़ी (घोड़ा चौक) से कालीटोर (ग्राम पंचायत शाहपुर भरतीपुर) तक मार्ग निर्माण लं. 7.00 कि.मी.।	प्रथम	555.15	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
8.	2020_PWDRB_114494_1	राजगढ़	सी.आर.एफ.	केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत खिलचीपुर से आगरिया ग्राम (राजस्थान सीमा) तक व्हाया माचलपुर बायपास व्हाया बाड़गांव बायपास, व्हाया खेड़ी ग्राम 53 कि.मी. (ई.पी.सी. मोड पर)।	प्रथम	6305.60	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
9.	2020_PWDRB_114495_1	होशंगाबाद	प्लान	सुखतवा से चौकीपुरा झलपुरा धार वरेल बोरखेड़ा सोमुखेड़ा सिलवानी लढीमउ वढछपरा बसनिया मार्ग एवं शतपुरा पीएमजीएसवाय मार्ग से चौरना जमुनढोह कालाखेर, श्रीढाना, खाकरापुरा मार्ग निर्माण लंबाई 26.00 कि.मी.	प्रथम	1752.57	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
10.	2020_PWDRB_114496_1	विदिशा	प्लान	बरौंघाट धतुरिया करारिया अण्डिया से इकोदिया मार्ग का निर्माण कार्य, लंबाई 12.00 कि.मी.।	प्रथम	764.04	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
11.	2020_PWDRB_114498_1	रायसेन	प्लान	(1) जैथारी - सर्रा - चंदपुरा - महगवांखुर्द मार्ग का निर्माण कार्य। लम्बाई 17.90 कि.मी.। (2) पडरियाकलां से डुंगरिया सियलवाडा केसली चोरपिपलिया मार्ग लम्बाई 12.80 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	2783.89	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
10.	2020_PWDRB_115107_1	रायसेन	प्लान	चुन्हेटिया मोड से बक्सी सिमरिया, रोसरारानी मार्ग का निर्माण कार्य, लंबाई 8.40 कि.मी.।	प्रथम	733.00	समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।
					योग	17533.68	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 10.12.2020 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन, केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता (राज. परि.)
लोक निर्माण विभाग, भोपाल

जी-15902/44760/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, देवास

सिविल लाइन, मेडकी रोड देवास, दूरभाष : 07272-251573, ई-मेल : eepheddew@yahoo.com

क्रमांक/1781/लेखा/निविदा/का.यं./खण्ड/2020 देवास, दिनांक : 19.11.2020

निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय)

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देवास जिले के विकासखण्ड टॉंकखुर्द एवं बागली के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत आर.सी.सी. टंकी निर्माण, आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण, पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन तथा योजना का संचालन/संधारण कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा क्रमांक/दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
48/2020-21 दिनांक 17.11.2020 (प्रथम आमंत्रण)	2020_PHED_114244_1	बागली	2	131.77	131700/-	12500/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
49/2020-21 दिनांक 17.11.2020 (द्वितीय आमंत्रण)	2020_PHED_114618_1	टॉंकखुर्द	2	73.95	73950/-	10000/-	4 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
50/2020-21 दिनांक 17.11.2020 (तृतीय आमंत्रण)	2020_PHED_114626_1	बागली	4	122.16	122160/-	12500/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
51/2020-21 दिनांक 17.11.2020 (तृतीय आमंत्रण)	2020_PHED_114630_1	बागली	2	75.90	75900/-	10000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
52/2020-21 दिनांक 17.11.2020 (प्रथम आमंत्रण)	2020_PHED_114817_1	बागली	3	262.06	262060/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
53/2020-21 दिनांक 17.11.2020 (प्रथम आमंत्रण)	2020_PHED_114964_1	बागली	2	205.59	205590/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
				871.43				

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 03.12.2020, 17.30 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 03.12.2020, 17.30 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 05.12.2020, 14.30 बजे
निविदा का विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। यदि निविदा में कोई संशोधन होता है। तो वेबसाइट पर देखा जा सकता है, उसका पृथक से प्रकाशन नहीं होगा।

जी-15910/44759/2020 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, देवास

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर

ई-मेल sepheprocgwl@gmail.com, दूरभाष क्रमांक 0751-2365438, 4031502, (पानी की टंकी के नीचे, मुरार ग्वालियर)

प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा सूचीबद्ध संस्थाओं से निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.11.2020 से दिनांक 07.12.2020 सायं 5.30 बजे तक क्रय तथा **दिनांक 24.11.2020 से दिनांक 07.12.2020 सायं 5.30 बजे तक** ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। बिड खोलने का दिनांक 09.12.2020 है।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

स. क्र.	नि.आ.सू. क्र./दि.	टेण्डर आई.डी.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनु. लागत (PAC) (रु. लाख में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	आमंत्रण की संख्या	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	35/ 23.11.2020	2020_PHED_115510_1	जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण के लिये तृतीय पक्ष निरीक्षण संस्थाओं की नियुक्ति। **जिला ग्वालियर एवं दतिया समूह - ए**	228.00 लाख	रु. 2,28,000/-	रु. 15000/-	प्रथम	36 माह
2.	36/ 23.11.2020	2020_PHED_115511_1	जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण के लिये तृतीय पक्ष निरीक्षण संस्थाओं की नियुक्ति। **जिला मुरैना, श्योपुर एवं भिण्ड समूह - सी**	835.00 लाख	रु. 8,35,000/-	रु. 20000/-	प्रथम	36 माह
3.	37/ 23.11.2020	2020_PHED_115512_1	जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण के लिये तृतीय पक्ष निरीक्षण संस्थाओं की नियुक्ति। **जिला पन्ना एवं छतरपुर समूह - एफ**	500.00 लाख	रु. 5,00,000/-	रु. 15000/-	प्रथम	36 माह
4.	38/ 23.11.2020	2020_PHED_115513_1	जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण के लिये तृतीय पक्ष निरीक्षण संस्थाओं की नियुक्ति। **जिला सागर-खुरई एवं दमोह समूह - डी**	506.00 लाख	रु. 5,06,000/-	रु. 20000/-	प्रथम	36 माह
5.	39/ 23.11.2020	2020_PHED_115514_1	जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण के लिये तृतीय पक्ष निरीक्षण संस्थाओं की नियुक्ति। **जिला शिवपुरी, गुना एवं अशोकनगर समूह - बी**	296.00 लाख	रु. 2,96,000/-	रु. 15000/-	प्रथम	36 माह
6.	40/ 23.11.2020	2020_PHED_115515_1	जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण के लिये तृतीय पक्ष निरीक्षण संस्थाओं की नियुक्ति। **जिला टीकमगढ़ एवं निवाड़ी समूह - ई**	255.00 लाख	रु. 2,55,000/-	रु. 15000/-	प्रथम	36 माह

जी-15956/44764/2020

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट), कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर

कार्यालय अधीक्षक
जिला जेल धार, मध्यप्रदेश

कार्यालय दूरभाष क्र. 07292-222203
E-mail - id : districtjaildhar@yahoo.co.in

विज्ञप्ति

क्रमांक 1686/स्थापना/2020 **धार, दिनांक 18.11.2020**

म.प्र. शासन, जेल विभाग के अधीन जिला जेल, धार पर बंदियों हेतु स्थापित निम्नलिखित आई.टी.आई. में प्रशिक्षण कार्य हेतु अतिथि व्याख्याता को अधिकतम 11 माह हेतु रुपये 110/- प्रतिघंटा (अधिकतम 05 घंटे प्रतिदिन) या रुपये 10,000/- मासिक (अधिकतम) मानदेय पर इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। संस्था/पदों/आरक्षण/शैक्षणिक अर्हता का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	आई.टी.आई. का नाम	व्यवसाय (ट्रेड)/पद का नाम	आरक्षण			
			UR	SC	ST	OBC
1.	जिला जेल धार	सुपरवाइजर	01	-	-	-
		कारपेंटर	-	-	01	-
		वायरमैन	01	-	-	-
		ट्रेक्टर मैकेनिक	01	-	-	-
		इंजीनियरिंग ड्राइंग/गणित	-	01	-	-
		सामाजिक अध्ययन	-	-	-	01

व्यवसाय (ट्रेड)/ पद का नाम	शैक्षणिक एवं तकनीकी अर्हता
35. 'हॉर्टोग समिति' का गठन किस कार्य हेतु किया गया था?
(अ) सैन्य सुधार
(ब) प्राथमिक शिक्षा सुधार
(स) कृषि सुधार
(द) अकाल
उत्तर- (ब) प्राथमिक शिक्षा सुधार

36. निम्न में से किसे लोक सेवा का जनक माना जाता है?
(अ) वारेन हेस्टिंग्स
(ब) लॉर्ड रिपन
(स) लॉर्ड डलहौजी
(द) कार्नवालिस
उत्तर- (द) कार्नवालिस

37. 'चुआड़ विद्रोह' किस क्षेत्र में हुआ था?
(अ) असम (पहाड़ी क्षेत्र)
(ब) पं. बंगाल (मिदनापुर)
(स) महाराष्ट्र
(द) मध्यभारत
उत्तर- (ब) पं. बंगाल (मिदनापुर)

38. 'आनंद मठ' उपन्यास का संबंध किस विद्रोह से है?
(अ) संन्यासी विद्रोह
(ब) संथाल
(स) पाइका विद्रोह
(द) बुंदेला विद्रोह
उत्तर- (अ) संन्यासी विद्रोह

39. 'सम्मति आयु अधिनियम' किस वर्ष पारित हुआ था?
(अ) 1892 ई.
(ब) 1891 ई.
(स) 1890 ई.
(द) 1881 ई.
उत्तर- (ब) 1891 ई.

40. सही मिलान कीजिए -

1. कादंबिनी गांगुली -	a. प्रथम महिला विधायक
2. मुत्तुलक्ष्मी रेड्डी -	b. भारत स्त्री महामण्डल
3. सरला देवी चौधरानी -	c. प्रथम महिला स्नातक
4. पण्डिता रमाबाई -	d. शारदा सदन

	1	2	3	4
(अ)	b	a	c	d
(ब)	c	d	b	a
(स)	a	b	c	d
(द)	c	a	b	d

उत्तर- (द) c, a, b, d

41. 'नैटिव मैरिज एक्ट' किस सन् में पारित हुआ था?
(अ) 1870 ई.
(ब) 1869 ई.
(स) 1872 ई.
(द) 1875 ई.
उत्तर- (स) 1872 ई.

42. 'शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी' की स्थापना कब हुई थी?
(अ) 1921 ई.
(ब) 1920 ई.
(स) 1923 ई.
(द) 1924 ई.
उत्तर- (ब) 1920 ई.

43. मुंबई में 'भारतीय महिला विश्वविद्यालय' की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1905 ई.
(ब) 1907 ई.
(स) 1906 ई.
(द) 1916 ई.
उत्तर- (द) 1916 ई.

44. अभ्युदय, लीडर एवं हिन्दुस्तान समाचार पत्र के संपादक कौन थे?
(अ) मदनमोहन मालवीय
(ब) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(स) अबुल कलाम
(द) दादा भाई नौरोजी
उत्तर- (अ) मदनमोहन मालवीय

45. 'लाइफ डिवाइन' किसकी रचना है?
(अ) बाल गंगाधर तिलक
(ब) स्वामी विवेकानंद
(स) गोपाल कृष्ण गोखले
(द) अरविंद घोष
उत्तर- (द) अरविंद घोष

46. अगस्त प्रस्ताव किस वर्ष लाया गया था?
(अ) 1940 ई.
(ब) 1942 ई.
(स) 1944 ई.
(द) 1946 ई.
उत्तर- (अ) 1940 ई.

47. 'यंग (युवा) बंगाल आंदोलन' के प्रणेता कौन थे?
(अ) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(ब) गोपाल कृष्ण गोखले
(स) हेनरी विवियन डेरोजियो
(द) चितरंजन दास
उत्तर- (स) हेनरी विवियन डेरोजियो

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधी विषयों पर लेखन करते हैं)

स्मृति शेष

बंगाली अभिनेता सौमित्र चटर्जी का निधन

रविवार वह दिन था जो सत्यजीत रे ने सुप्रसिद्ध अभिनेता **सौमित्र चटर्जी** से विश्व सिनेमा पर विमर्श के लिये मुकर्रर किया था। सौमित्र चटर्जी, सत्यजीत रे के पसंदीदा एक्टर थे और सत्यजीत रे उन्हें सिनेमा पर लिखी किताबें पढ़ने के लिए देते थे। रविवार को दोनों साथ मिलकर हॉलीवुड की फिल्में देखते थे और चर्चा करते थे। रविवार इन दो विलक्षण अदाकारों के गंभीर विमर्श के लिये था और सौमित्र इस टाइम टेबल के बारे में बताते थे कि रे मोशाय यानी सत्यजीत रे जो भी करते थे वो बिना कारण नहीं होता था, ऐसा नहीं था कि रविवार को वे मुझे मात्र एंटरटेंमेन्ट के लिए साथ लेकर जाते थे। रविवार को सत्यजीत रे वस्तुतः उनकी क्लास लेते थे और वो भी एक सुयोग्य शिष्य के माफिक उनसे काफी सीखते थे।

कॉलेज में अध्ययन के दौरान ही सौमित्र चटर्जी के एक मित्र ने उनका परिचय सत्यजीत रे से करवाया था। उस वक्त हुई ये छोटी-सी मुलाकात बाद में दोनों के बीच गहरी दोस्ती में बदल गई। उन्होंने लंबे समय तक सत्यजीत रे के साथ काम किया। सत्यजीत रे की चौदह फिल्मों में उन्होंने अभिनय किया। सौमित्र चटर्जी ने वर्ष 1959 में सत्यजीत रे की फिल्म - 'अपूर संसार' से अपना कॅरियर शुरू किया था। सत्यजीत रे की इस फिल्म के साथ शुरुआत करने के बाद उन्होंने उनके साथ कई और फिल्मों में काम किया। उन्होंने सत्यजीत रे की फिल्म 'देवी', 'चारूलता' और 'घरे बाइरे' में भी अभिनय किया। फिल्मकार सत्यजित रे और अभिनेता सौमित्र चटर्जी की जोड़ी की तुलना हॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता-निर्देशक जोड़ी अकीरा कुरोसोवा-तोशिरो मिफ्यून और मार्केलो मास्ट्रोइयान्नी-फेडेरिको फेलिनी से की जानी लगी थी।

फिल्मों की विख्यात समीक्षक और आत्मकथा लेखन में निष्णांत लेखिका मैसी सेटॉन को एक साक्षात्कार में सौमित्र चटर्जी ने बताया था कि जब सत्यजीत रे ने मुझसे पूछा कि मैं क्या करना चाहता हूं? तो मेरे पास कोई उत्तर नहीं था। मुझे उस वक्त स्टेज पर और फिल्मों में एक्टिंग के फर्क के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी। मुझे डर था कि मैं ओवरएक्ट न करूं। मगर सत्यजीत रे के सान्निध्य और खुलकर चर्चा करने और 'रविवार' वाली क्लास ने मेरे भीतर के तमाम अंतर्द्वंद्व और संकोच को दूर कर मेरे अन्दर के कलाकार को प्रकट कर दिया। सच तो यह है कि सत्यजीत रे ने सौमित्र चटर्जी को एक निपुण अभिनेता के रूप में प्रस्तुत किया। सौमित्र चटर्जी के अभिनय को लेकर सत्यजीत रे कहते थे कि सौमित्र एक विलक्षण अभिनेता हैं, लेकिन अगर उन्हें 'बुरी कहानी' दी जाएगी तो उनका अभिनय भी वैसा ही होगा।

वर्ष 1992 में सत्यजीत रे के महाप्रयाण के बाद सौमित्र ने एक साक्षात्कार में कहा था कि सत्यजीत रे से जुड़ने के बाद मेरी जिन्दगी का एक दिन भी ऐसा नहीं गुजरा जब मैंने सत्यजीत रे को याद न किया हो या उनके बारे में बात न की हो। प्रेरणा के तौर पर मेरी जिन्दगी में वो हमेशा ही मौजूद रहे हैं। मैं जब भी उनके बारे में सोचता हूं मुझे प्रेरणा मिलती है। मुझे लगता है उनके अवसान के बाद मेरे अंतर्मन में वो आज भी मौजूद हैं और हमेशा रहेंगे और रविवार को तो लगता था कि आज मैं उनसे यह बात करूंगा मैं आज वह बात करूंगा मगर तत्क्षण उनकी

अनुपस्थिति के आभास से बेचैन हो जाता हूँ। रविवार की सौमित्र के जीवन में कितनी अहमियत थी कि उनका देहावसान भी रविवार, 15 नवम्बर 2020 को ही हुआ।

सौमित्र चटर्जी ने सत्यजित रे के अलावा मृणाल सेन, तपन सिन्हा और तरुण मजुमदार सहित कई अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निर्देशकों के साथ भी काम किया। वर्ष 2004 में पद्मभूषण से सम्मानित सौमित्र चटर्जी ने अपर्णा सेन, गौतम घोष और ऋतुपर्णो घोष जैसे प्रसिद्ध निर्देशकों के साथ भी काम किया। वह रंगमंच से भी जुड़े रहे। उनको फ्रांस के सर्वोच्च पुरस्कार 'द ऑफिसर डेस आर्ट्स एट मेटियर्स' तथा इटली से लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी मिला। संगीत नाटक अकादमी से भी सम्मानित किया गया।

सौमित्र चटर्जी का जन्म 19 जनवरी 1935 को पश्चिम बंगाल में नादिया जिले के कृष्णानगर में हुआ था। उनकी प्राथमिक शिक्षा भी कृष्णानगर में ही हुई थी। स्कूल में पढ़ने की उम्र से ही सौमित्र ने अभिनय शुरू कर दिया था। सौमित्र ने एक साक्षात्कार में बताया था कि बचपन में हम घर में तख्तों से मंच बनाते थे और बेड शीट से पर्दे बनाते थे। हम भाई-बहनों और दोस्तों के साथ मिलकर नाटक करते थे। इसके लिए घर के बुजुर्गों ने भी हमें बहुत हौसला दिया। नाटकों का उनका शौक बाद में भी उनके साथ रहा और वो फिल्मों के साथ-साथ मंच पर नजर आते थे। उनके पिता काम के लिए कलकत्ता चले गए, फिर कॉलेज में पढ़ाई करने के लिए सौमित्र भी कलकत्ता चले आए। कॉलेज में अध्ययन के दौरान भी मंच पर अभिनय का सिलसिला जारी रहा।

बहुआयामी प्रतिभा के धनी सौमित्र एक अच्छे गायक, एक अच्छे चित्रकार और एक अच्छे और सजग पाठक भी थे। रंगमंच से जुड़े विषयों का तो उन्हें इतना ज्ञान और इतनी समझ थी कि यदि इन विषयों पर वे लिखते तो उनका कोई सानी नहीं होता। लेखन का जहाँ तक सवाल है उन्होंने गद्य और पद्य में समान कुशलता के साथ लिखा। अभिनय, निर्देशन और पटकथा लेखन जैसी विधाओं की उनकी समझ और मेधा बेहद प्रभावी थी और इन भूमिकाओं में वे सहज अंतरण (स्विच ओवर) में भी माहिर थे। सुप्रसिद्ध अमेरिकन फिल्म समीक्षक पॉलिन केल तो उन्हें - 'वन मैन स्टॉक कम्पनी' कहते थे। वे विश्व सिनेमा के इतिहास में एक्टिंग, डायरेक्शन और स्क्रिप्ट राइटिंग में इतनी सहजता से और बेहद आराम के साथ अपनी भूमिका बदल लेते थे कि सभी को विस्मय होता था।

सत्यजीत रे की फिल्म - 'अपूर संसार' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत के बाद उन्होंने- 'जॉय बाबा फेलूनाथ' में फेलूदा का टाइटल रोल किया था। उन्होंने फिल्मों में कई महत्वपूर्ण किरदार निभाए- 'शोनार किल्ला' में वो शरलॉक होम्स की तरह के एक जासूस के किरदार में नजर आए तो -'देवी' में वो नियमों का पालन करने वाला दूल्हा बने, 'अभिजान' में गुस्से में रहने वाले उत्तर भारतीय टैक्सी ड्राइवर बने तो 'अशनि संकट' में एक शांत रहने वाले पुजारी के किरदार में और रवींद्रनाथ टैगोर की कहानी चारूलता पर बनी सत्यजीत रे की फिल्म में भी उन्होंने एक प्रभावी भूमिका निभाई। सौमित्र चटर्जी ने दो हिंदी फिल्में - ' निरुपमा' और 'हिंदुस्तानी सिपाही' भी की हैं। उन्होंने हिंदी में 'स्त्री का पत्र' नाम से एक फिल्म का निर्देशन भी किया।

सौमित्र चटर्जी को वर्ष 2012 में भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान- 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। सौमित्र चटर्जी को समकालीन राजनेता और साथी कलाकार एक महान सांस्कृतिक दूत, एक विश्वसनीय मित्र, बहुआयामी प्रतिभा के धनी और विविध क्षेत्रों में रुचि रखने वाले अभिनेता के रूप में याद करते हैं।

- राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिये सामान्य हिन्दी

1. समास के कितने प्रकार हैं?
(A) 1 (B) 6
(C) 5 (D) 4
उत्तर (B) 6

2. नवरत्न किस समास का उदाहरण है?
(A) द्विगु समास
(B) कर्मधारय समास
(C) द्वन्द्व समास
(D) तत्पुरुष समास
उत्तर (A) द्विगु समास

3. 'अतिवृद्धि' में उपसर्ग कौन-सा है?
(A) अति (B) अती
(C) अत् (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) अति

4. "कौन शोर कर रहा है?" वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?
(A) निजवाचक
(B) प्रश्नवाचक
(C) निश्चयवाचक
(D) अनिश्चय वाचक
उत्तर (B) प्रश्नवाचक

5. संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया के जिस रूप से एकत्व या अनेकत्व का बोध होता है, उसे क्या कहते हैं?
(A) द्विवचन (B) एकवचन
(C) वचन (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (C) वचन

6. अंगरखा (तद्भव) का तत्सम रूप क्या है?
(A) अंगरख (B) अंग
(C) अंगरेखा (D) अंगरक्षक
उत्तर (D) अंगरक्षक

7. अंगुरी (तद्भव) का तत्सम रूप क्या है?
(A) उंगली (B) अंगुली
(C) अंगुलि (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (B) अंगुली

8. शर्करा (तत्सम) का तद्भव रूप क्या है?
(A) शकर (B) शर्कर
(C) शक्कर (D) शककर
उत्तर (C) शक्कर

9. अंक का पर्यायवाची शब्द निम्नलिखित में से क्या नहीं है?
(A) संख्या (B) गिनती
(C) क्रमांक (D) विजन
उत्तर (D) विजन

10. तुषार का पर्यायवाची शब्द निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(A) ओस (B) नीर
(C) नीरस (D) मनयज
उत्तर (A) ओस

11. अंतरंग का विलोम शब्द क्या है?
(A) बहिरंग
(B) बहिरंगी
(C) अंतरंगी
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) बहिरंग

12. स्थावर का विलोम शब्द क्या है?
(A) जंगम (B) सृजन
(C) अस्थावर (D) विस्थावर
उत्तर (A) जंगम

गद्यांश के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिये?

लोककथाएं हमारे आम जीवन में सदियों से रची-बसी हैं। इन्हें हम अपने बड़े-बूढ़ों से बचपन से ही सुनते आ रहे हैं लोककथाओं के बारे में यह भी कहा जाता है कि बचपन के शुरुआती वर्षों में बच्चों को अपने परिवेश की महक, सोच व कल्पना की उड़ान देने के लिए इनका उपयोग जरूरी है। हम यह भी सुनते हैं कि बच्चों के भाषा के विकास के संदर्भ में भी इन कथाओं की उपयोगिता महत्वपूर्ण है।

ऐसा इसलिए कहा जाता है, क्योंकि इन लोककथाओं के विभिन्न रूपों में हमें लोक महत्व के तत्व मिलते हैं। जो बच्चों के भाषा विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाते हैं। अगर हम पढ़ी हुई लोककथाओं को याद करें, तो सहजता से हमें इनके कई उदाहरण मिल जाते हैं।

जब हम कहानी सुना रहे होते हैं, तो बच्चों से हमारी यह अपेक्षा रहती है कि वे पहली घटी घटनाओं को जरूर दोहराएं। बच्चे भी घटना को याद रखते हुए साथ-साथ मजे से दोहराते हैं।

इस तरह कथा सुनाने की इस प्रक्रिया में बच्चे इन घटनाओं को एक क्रम में रखकर देखते हैं।

इन क्रमिक घटनाओं में एक होता है। जो बच्चों के मनोभावों से मिलता-जुलता है।

13. लोककथाओं में निम्नलिखित में से क्या-क्या शामिल है?
(A) लोक जीवन की उड़ान
(B) लोक जीवन के रंग
(C) लोक कल्पना
(D) घटनाएं
उत्तर (B) लोक जीवन के रंग

14. लोककथाओं में निम्नलिखित में से किस परिवेश की महक की बात की गई है?
(A) बच्चों के आसपास परिवेश की
(B) ग्रामीण परिवेश की
(C) शहरी परिवेश की
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) बच्चों के आसपास परिवेश की

15. बच्चों से हमारी क्या अपेक्षा रहती है?
(A) कहानी सुनें
(B) लोककथाएं सुनें
(C) कहानी के मजे लें
(D) वे कहानी की घटनाओं को याद रखें, ताकि आगे की कहानी से जुड़ा जा सके।
उत्तर (D) वे कहानी की घटनाओं को याद रखें, ताकि आगे की कहानी से जुड़ा जा सके।

16. 'परिवेश की महक' पद का अर्थ निम्नलिखित में से क्या है?
(A) परिवेश की कहानियां
(B) परिवेश की विशिष्टताएं, सीमाएं
(C) परिवेश की खुशबू
(D) परिवेश की गंध
उत्तर (B) परिवेश की विशिष्टताएं, सीमाएं

निम्नलिखित पद्यांश के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दीजिये -

मन नहीं, मनु-पुत्र है यह सामने जिसकी
कल्पना की जीभ में भी धार होती है।
बाज ही होते विचारों के नहीं केवल
स्वप्न के भी हाथ में तलवार होती है।
स्वर्ग के सम्राट को जाकर खबर कर दें
रोज़ ही आकाश चढ़ते जा रहे हैं वे।
रोकिये जैसे बने इन स्वप्न वालों को
स्वर्ग की ही ओर बढ़ते आ रहे हैं वे।

17. कवि के अनुसार निम्न में से किसकी जीभ में तेज धार होती है?
(A) कल्पना की (B) विचारों की
(C) स्वप्न की (D) स्वर्ग की
उत्तर (A) कल्पना की

18. निम्नलिखित में से किसके हाथ में तलवार होती है
(A) स्वप्न के (B) विचार के
(C) कल्पना के (D) सम्राट के
उत्तर (A) स्वप्न के

19. स्वर्ग की ओर कौन बढ़ते जा रहे हैं?
(A) सम्राट
(B) स्वप्न वाले
(C) आकाश
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (B) स्वप्न वाले

20. मनु-पुत्र में कौन-सा समास है?
(A) अव्ययी भाव
(B) द्वन्द्व
(C) द्विगु
(D) सम्बन्ध तत्पुरुष
उत्तर (D) सम्बन्ध तत्पुरुष

21. 'आकाश' शब्द का पर्यायवाची है?
(A) गगन (B) पृथ्वी
(C) पाताल (D) वसुंधरा
उत्तर (A) गगन

22. तलवार का पर्यायवाची है?
(A) कटक
(B) शमशीर
(C) तलार
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (B) शमशीर

23. भाषा सीखने में निम्नलिखित में से क्या सहायक है?
(A) परिवेश
(B) परिवार
(C) विद्यालय
(D) सभी
उत्तर (D) सभी

24. बच्चों में सर्वप्रथम भाषा का विकास किसके रूप में होता है?
(A) सांकेतिक
(B) मौखिक
(C) लिखित
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) सांकेतिक

(शेष अगले पृष्ठ पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य अध्ययन

1. मध्यप्रदेश का पहला पक्षी पार्क किस जिले में बनाया जा रहा है?
(A) ग्वालियर (B) भोपाल
(C) विदिशा (D) पन्ना
उत्तर- (A) ग्वालियर
व्याख्या- ग्वालियर जिले के खुरेरी तालाब में पक्षी पार्क बनाया जा रहा है।

2. माधव राव सप्रे संग्रहालय एवं शोध संस्थान की स्थापना कब हुयी थी?
(A) 19 जून 1991 को
(B) 19 जून 1984 को
(C) 19 फरवरी 1991 को
(D) 19 फरवरी 1984 को
उत्तर- (B) 19 जून 1984 को
व्याख्या- भोपाल स्थित यह संग्रहालय 19 जून 1984 को स्थापित किया गया था। 'आंचलिक पत्रकार' नामक पत्रिका का प्रकाशन भी सप्रे संग्रहालय द्वारा किया जाता है।

3. खाद्य सुरक्षा मित्र (FSM) बनाने की योजना किस संगठन द्वारा शुरू की गयी है?
(A) FSSAI
(B) NCHRM
(C) IBRD
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (A) FSSAI

4. अण्डर 19 क्रिकेट विश्वकप 2020 में मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार किसने प्राप्त किया है?
(A) रवि विश्नोई
(B) कूपर कोनोली
(C) यशस्वी जायसवाल
(D) अकबर अली
उत्तर- (C) यशस्वी जायसवाल

5. सबसे लम्बा जीवित वृक्ष कौन सा है?
(A) देवदार (B) यूकेलिप्टस
(C) वरगद (D) सिकोआ
उत्तर- (D) सिकोआ

6. एस विजयलक्ष्मी का संबंध किस खेल से है?
(A) क्रिकेट (B) शतरंज
(C) हॉकी (D) तीरंदाजी
उत्तर- (B) शतरंज

7. 'सैंडी स्टार्म' नामक आत्मकथा किस क्रिकेटर की है?
(A) रॉबिन सिंह
(B) जवागल श्रीनाथ
(C) कपिल देव
(D) संदीप पाटिल
उत्तर- (D) संदीप पाटिल

8. 'एप्रीकल्चर शॉट' का संबंध किस खेल से है?
(A) क्रिकेट (B) हॉकी
(C) फुटबॉल (D) टेनिस
उत्तर- (A) क्रिकेट

9. किस प्रमुख आइसोटोप का प्रयोग परमाणु ऊर्जा के उत्पादन में किया जाता है?
(A) U-232 (B) U-239
(C) U-235 (D) U-236
उत्तर- (C) U-235

10. "किसान मजदूर प्रजा पार्टी" की स्थापना किसके द्वारा की गयी थी?
(A) जे.बी. कृपलानी
(B) नरेन्द्रदेव
(C) जे.पी. नारायण
(D) देबेन्द्र नाथ टैगोर
उत्तर- (A) जे.बी. कृपलानी

11. 'ऑपरेशन बरगा' नामक कृषि सुधार आंदोलन किस राज्य में चलाया गया था?
(A) महाराष्ट्र
(B) पश्चिम बंगाल
(C) मध्यप्रदेश
(D) राजस्थान
उत्तर- (B) पश्चिम बंगाल

12. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्मदिवस पर अधिवक्ता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?
(A) 2 मई (B) 3 जुलाई
(C) 24 फरवरी (D) 3 दिसम्बर
उत्तर- (D) 3 दिसम्बर

13. निम्न वृक्षों में से कौन सा एक पर्यावरण मित्र वृक्ष नहीं है?
(A) यूकेलिप्टस (B) नीम
(C) अमरूद (D) बबूल
उत्तर- (A) यूकेलिप्टस

14. निम्नांकित कौन सी एक गैस ग्रीन हाउस गैसों में सम्मिलित नहीं है?
(A) मीथेन
(B) हाइड्रोजन
(C) क्लोरोफ्लोरो कार्बन
(D) नाइट्रस आक्साइड
उत्तर- (B) हाइड्रोजन

15. ग्रीन मफलर का संबंध है?
(A) जल प्रदूषण से
(B) वायु प्रदूषण से
(C) ध्वनि प्रदूषण से
(D) इन सभी से
उत्तर- (C) ध्वनि प्रदूषण से

16. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
(A) 16 सितम्बर को
(B) 5 अक्टूबर को
(C) 21 मार्च को
(D) 5 जून को
उत्तर- (D) 5 जून को

17. 'पृथ्वी के फेफड़ों' के रूप में किन वनों को जाना जाता है?
(A) टैगा वन
(B) अमेजन वर्षावन
(C) टुण्ड्रा वन
(D) हिमालयी वन
उत्तर- (B) अमेजन वर्षावन

18. 'द लास्ट सपर' नामक प्रसिद्ध चित्र, किस चित्रकार द्वारा बनाया गया है?
(A) माइकल एंजेलो
(B) राफेल
(C) लियोनार्डो द विंची
(D) इरासमस
उत्तर- (C) लियोनार्डो द विंची

19. "नोकरेक बायोस्फीयर रिजर्व" किस राज्य में स्थित है?
(A) मेघालय (B) उत्तराखण्ड
(C) केरल (D) असम
उत्तर- (A) मेघालय

20. थाटेकड पक्षी अभ्यारण्य कहां अवस्थित है?
(A) गुजरात (B) केरल
(C) तमिलनाडु (D) आन्ध्रप्रदेश
उत्तर- (B) केरल।

21. प्रोजेक्ट एलीफेन्ट किस वर्ष प्रारंभ किया गया था?
(A) 1987 में (B) 1970 में
(C) 1992 में (D) 1975 में
उत्तर- (C) 1992 में

22. "पर्यावरण का मैग्नाकार्टा" किस सम्मेलन/प्रोटोकॉल को कहा जाता है?
(A) क्योटो प्रोटोकॉल
(B) नगोया प्रोटोकॉल
(C) स्टॉकहोम सम्मेलन
(D) रियो सम्मेलन
उत्तर- (A) क्योटो प्रोटोकॉल

23. मध्यप्रदेश राज्य योजना मंडल के प्रथम उपाध्यक्ष कौन थे?
(A) प्रकाश चन्द्र सेठी
(B) बी.जी. घाटे
(C) एच.एस. कामथ
(D) दयाशंकर नाग
उत्तर- (D) दयाशंकर नाग

24. 'पाण्डव फॉल' नामक प्रसिद्ध जल प्रपात किस जिले में अवस्थित है?
(A) होशंगाबाद (B) बालाघाट
(C) पन्ना (D) दतिया
उत्तर- (C) पन्ना

25. दूध के खराब होने के लिये कौन सा बैक्टीरिया उत्तरदायी है?
(A) स्यूडो मोनास
(B) लेक्टोबेसीलस
(C) राइजोबियम
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (B) लेक्टोबेसीलस

26. दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी कौन सी है?
(A) दोदाबेट्टा (B) अनाई मुडी
(C) कार्डमम (D) महेंद्रगिरी
उत्तर- (B) अनाई मुडी

27. गैण्डों के लिये कौन सा राष्ट्रीय पार्क प्रसिद्ध है?
(A) काजीरंगा (B) जिम कार्बेट
(C) गिर (D) रणथम्भौर
उत्तर- (A) काजीरंगा

28. गोताखोरो द्वारा गहरे समुद्र में सांस लेने के लिये किस गैस को ऑक्सीजन के साथ मिलाकर उपयोग किया जाता है?
(A) नाइट्रोजन
(B) सल्फर डाइ आक्साइड
(C) अमोनिया
(D) हीलियम
उत्तर- (D) हीलियम

29. मानव शरीर में रक्त का थक्का किस विटामिन की सहायता से जमता है?
(A) विटामिन सी
(B) विटामिन डी
(C) विटामिन के
(D) विटामिन बी
उत्तर- (C) विटामिन के

30. भारत सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाले सम्मान, भारत रत्न व पद्म सम्मान आदि किस अनुच्छेद के तहत दिये जाते हैं?
(A) अनुच्छेद 18
(B) अनुच्छेद 20
(C) अनुच्छेद 19
(D) अनुच्छेद 17
उत्तर- (A) अनुच्छेद 18

31. भारतीय संविधान में 'संविधान संशोधन की प्रक्रिया' किस देश के संविधान से ली गयी है?
(A) जापान
(B) अमेरिका
(C) दक्षिण अफ्रीका
(D) कनाडा
उत्तर- (C) दक्षिण अफ्रीका

32. भारत में कुल कितनी क्षेत्रीय परिषदें हैं?
(A) 4 (B) 5
(C) 3 (D) 8
उत्तर- (B) 5

33. राज्यसभा की सदस्यता के लिये न्यूनतम उम्र सीमा क्या है?
(A) 30 वर्ष (B) 18 वर्ष
(C) 25 वर्ष (D) 35 वर्ष
उत्तर- (A) 30 वर्ष

34. 'परिवार नियोजन' किस सूची का विषय है?
(A) राज्य सूची
(B) समवर्ती सूची
(C) केंद्र सूची
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (B) समवर्ती सूची

35. लोकसभा अध्यक्ष किसके समक्ष इस पद की शपथ लेता है?
(A) राष्ट्रपति के समक्ष
(B) उपराष्ट्रपति के समक्ष
(C) मुख्य न्यायाधीश के समक्ष
(D) शपथ नहीं ली जाती
उत्तर- (D) शपथ नहीं ली जाती

36. भारत-बांग्लादेश भूमि हस्तांतरण प्रावधान किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा लागू किये गये?
(A) 100वें संविधान संशोधन अधिनियम से
(B) 103वें संविधान संशोधन अधिनियम से
(C) 96वें संविधान संशोधन अधिनियम से
(D) 81वें संविधान संशोधन अधिनियम से
उत्तर- (A) 100वें संविधान संशोधन अधिनियम से।

37. एक आदर्श तरल की श्यानता (Viscosity) कितनी होती है -
(A) अनन्त
(B) तरल की सतह पर निर्भर
(C) शून्य
(D) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (C) शून्य

38. निम्नलिखित धातुओं में से किसकी विद्युत चालकता सर्वाधिक होती है?
(A) तांबा (B) चांदी
(C) एल्युमीनियम (D) टंगस्टन
उत्तर- (B) चांदी

39. एक निबल में कितने बिट होते हैं?
(A) 8 बिट (B) 128 बिट
(C) 12 बिट (D) 4 बिट
उत्तर- (D) 4 बिट

40. प्राथमिक मेमोरी में क्या संग्रहित (Store) रहता है?
(A) केवल डाटा
(B) केवल परिणाम
(C) केवल प्रोग्राम
(D) ये सभी
उत्तर- (D) ये सभी

41. एक सामान्य कम्प्यूटर में कुल कितनी फंक्शन की (Function Key) होती हैं?
(A) 12 (B) 10
(C) 14 (D) 16
उत्तर- (A) 12

42. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रोग्रामिंग भाषा नहीं है?
(A) एच.टी.एम.एल.
(B) ओरेकल
(C) जावा
(D) सी
उत्तर- (B) ओरेकल

43. राइडर कप का संबंध किस खेल से हैं?
(A) पोलो (B) ब्रिज
(C) गोल्फ (D) क्रिकेट
उत्तर- (C) गोल्फ

44. भारत की प्रथम स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी कौन-सी है?
(A) आई.एन.एस. चक्र
(B) आई.एन.एस. विक्रांत
(C) आई.एन.एस. कावेरी
(D) आई.एन.एस. अरिहन्त
उत्तर- (D) आई.एन.एस. अरिहन्त

45. भारत के विनिवेश आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(A) अरुण जेटली
(B) आबिद हुसैन
(C) जी.वी. रामाकृष्ण
(D) राकेश गौतम
उत्तर- (C) जी.वी. रामाकृष्ण

46. किस सिख गुरू ने 'गुरू ग्रंथ साहब' का संकलन किया था?
(A) गुरू अर्जुन देव
(B) गुरू तेगबहादुर
(C) गुरू अंगद
(D) गुरू रामदास
उत्तर- (A) गुरू अर्जुन देव

- सुजय जैन
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

25. बच्चों की शब्द सम्पदा उनके भाषा सीखने की प्रक्रिया में क्या है?
(A) साधन (B) साध्य
(C) साध्य तथा साधन दोनों
(D) अवरोध
उत्तर (A) साधन

26. व्याकरण पढ़ाते समय एक शिक्षक का उद्देश्य नहीं होता है?
(A) छात्र भाषिक संरचनाओं का ज्ञान प्राप्त कर सकें
(B) छात्र केवल शुद्ध लेखन कर सकें
(C) छात्र शुद्ध उच्चारण कर सकें
(D) छात्र शुद्ध व अशुद्ध भाषा में अंतर कर सकें
उत्तर (B) छात्र केवल शुद्ध लेखन कर सकें

27. छात्र व्याकरण के माध्यम से निम्नलिखित में से क्या सीखते हैं?
(A) ध्वनियों का शुद्ध आचरण
(B) विराम चिन्हों का शुद्ध प्रयोग
(C) भाषा का लिखित एवं मौखिक रूप से शुद्ध प्रयोग
(D) ध्वनियों में सूक्ष्म अंतर
उत्तर (C) भाषा का लिखित एवं मौखिक रूप से शुद्ध प्रयोग

- पूर्वी जैन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी विषयों पर लेखन करती हैं।)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Govt. of M.P. Panchayat & Rural Development Department)
Block- 2, Vth Floor, Paryawas Bhawan, Arera Hill's Jail Road, Bhopal-462011
No. 18060 **Bhopal, Dated : 28.11.2020**

NOTICE INVITING OFFERS FOR CONSULTING SERVICES FOR COMMUNITY PARTICIPATORY ROAD SAFETY PROGRAM

RFP. No. [IN-MPRRDA-197188-CS-QCBS]; Dated 27.10.2020

Loan No. 8833-IN
The Government of Madhya Pradesh (here in after called "Borrower") has received financing from the International Bank for Reconstruction and Development (IBRD) and Asian Infrastructure Investment Bank (AIIB) (the "Bank") in the form of "Loan" (here in after called Loan towards the cost of Madhya Pradesh Rural Connectivity Project. The Madhya Pradesh Rural Road Development Authority, an implementing agency, intends to apply a portion of the proceeds of this Loan to eligible payments under the contract.
The Client, Project Director MPRCP on behalf of MP Rural Road Development Authority invites online proposals to provide the consultancy services (hereinafter called "Services"): for **Community Participatory Road Safety Program (CPRSP) on e-procurement portal https://mptenders.gov.in** from 28.11.2020 after 17:00 Hrs. RFP Document may be viewed and downloaded up to 22.12.2020, 15:00 Hrs. from the e-procurement portal. More details on the Services and Terms and Conditions may be seen in the RFP Document.
Madhyam/99070/44784/2020 **PROJECT DIRECTOR (MPRCP)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

खेल चर्चा

आईसीसी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की उम्र की निर्धारित

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिये न्यूनतम उम्र को तय कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के लिये एक खिलाड़ी की उम्र 15 वर्ष होना जरूरी होगा। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुये अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम उम्र प्रतिबंध को लाया जा रहा है। यह क्रिकेट के सभी फॉर्मेट के लिये होगा। यह नियम अंडर-19 और महिला क्रिकेट में भी लागू होगा। आईसीसी ने कहा कि अपवाद की स्थिति में सदस्य बोर्ड 15 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी को टीम में शामिल करना चाहते हैं, तो उसे आईसीसी में एप्लाई करना होगा। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र में पदार्पण करने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के हसन रजा के नाम है, रजा ने 14 वर्ष 227 दिन की उम्र में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था।

बिग बैश लीग में शामिल किये गये तीन नये नियम

सिडनी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने घरेलू ट्वेंटी-20 लीग बिग बैश को रोमांचक बनाने के लिये तीन नये नियम जोड़ने का फैसला किया है। नये नियम के तहत टीमों को मैच में 10वें ओवर के बाद एक्स फैक्टर खिलाड़ी का इस्तेमाल करने की स्वीकृति होगी, जो एक बल्लेबाज या गेंदबाज की जगह लेगा, जिसने एक ओवर से अधिक बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं की हो। इसके अलावा लीग में पावर सर्ज नियम भी जोड़ा गया है। इस नियम के तहत बल्लेबाजी टीम 11वें ओवर से कभी भी दो ओवर पावर प्ले लेगी। इसमें 30 यार्ड के सर्किल के बाहर सिर्फ दो खिलाड़ी ही रखे जा सकेंगे। अब बिग बैश में शुरुआती पावर प्ले छह की जगह 4 ओवर का होगा। बिग बैश लीग का तीसरा नियम द बैश बूट बोनस अंक है। यह बोनस अंक दूसरी पारी के 10 ओवर बाद जिस टीम का स्कोर ज्यादा होगा, उसे दिया जायेगा।

ड्रेसेल ने तैराकी में बनया विश्व रिकॉर्ड

बुडापेस्ट, अमेरिका के दिग्गज तैराक सेलेब ड्रेसेल ने बुडापेस्ट में आयोजित इंटरनेशनल स्विमिंग लीग में दो विश्व रिकॉर्ड बनाये हैं। ड्रेसेल ने 100 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में ये रिकॉर्ड बनाये हैं। ड्रेसल ने 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 47.78 सेकेंड का समय निकालकर दक्षिण अफ्रीका के चांड ली (48.08) का रिकॉर्ड तोड़ा। वहीं ड्रेसल ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 20.16 सेकेंड का समय निकालकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा।

सुदीप त्यागी ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज सुदीप त्यागी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। सुदीप अब लंका प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में खेलते हुये दिखेंगे। सुदीप ने भारत के लिये 4 वन-डे तथा एक ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं। सुदीप प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सफल गेंदबाज रहे हैं। सुदीप ने 41 प्रथम श्रेणी मैचों में 109 विकेट लिये हैं। सुदीप ने संन्यास के बाद बताया कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है।

आईसीसी अवॉर्ड्स की पांच श्रेणियों में नॉमिनेट हुये कोहली

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने पिछले एक दशक 2010-2019 के अवॉर्ड्स के लिये नॉमिनेशन की लिस्ट जारी की है। आईसीसी ने पुरुष क्रिकेट के लिये और महिला क्रिकेट के लिये अलग-अलग श्रेणियों तथा एक मिश्रित श्रेणी में नॉमिनेशन जारी किये हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को सबसे ज्यादा पांच श्रेणियों में नॉमिनेशन मिला है। वहीं रोहित शर्मा तथा महेन्द्र सिंह धोनी को 2-2 तथा रविचंद्रन अश्विन को एक श्रेणी में नामांकित किया गया है।

विराट कोहली को दशक का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, दशक का सर्वश्रेष्ठ वन-डे खिलाड़ी, दशक का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी, दशक का सर्वश्रेष्ठ ट्वेंटी-20 खिलाड़ी और स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड के लिये नामांकित किया गया है। कोहली एकमात्र ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं, जिन्हें पांच श्रेणियों में नामांकन मिला है।

पुरुष क्रिकेट के लिये नॉमिनेशन

आईसीसी प्लेयर ऑफ द डिकेड- विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन, जो रूट, केन विलियम्सन, स्टीव स्मिथ, एबी डिविलियर्स और कुमार संगाकारा।

आईसीसी वन-डे प्लेयर ऑफ द डिकेड- विराट कोहली, रोहित शर्मा, महेन्द्र सिंह धोनी, लसिथ मलिंगा, मिशेल स्टार्क, एबी डिविलियर्स और कुमार संगाकारा।

आईसीसी ट्वेंटी-20 प्लेयर ऑफ द डिकेड- विराट कोहली, रोहित शर्मा, राशिद खान, इमरान ताहिर, एरोन फिंच, लसिथ मलिंगा और क्रिस गेल।

आईसीसी टेस्ट प्लेयर ऑफ द डिकेड- विराट कोहली, केन विलियम्सन, स्टीव स्मिथ, जेम्स एंडरसन, रंगना हेराथ और यासिर शाह।

महिला क्रिकेट के लिये नॉमिनेशन

आईसीसी प्लेयर ऑफ द डिकेड- एलिस पेरी, मिताली राज, मेग लेनिंग, सूजी बेट्स, स्टेफनी टेलर और सारा टेलर।

आईसीसी वन-डे प्लेयर ऑफ द डिकेड- मेग लेनिंग, मिताली राज, झूलन गोस्वामी, एलिस पेरी, सूजी बेट्स और स्टेफनी टेलर।

आईसीसी ट्वेंटी-20 प्लेयर ऑफ द डिकेड- मेन लेनिंग, सोफी डिवाइन, एलिस पेरी, डिएंड्रा डॉटिन, एलिसा हीली और अन्या श्रबसोले।

आईसीसी स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड ऑफ द डिकेड- विराट कोहली, केन विलियम्सन, महेन्द्र सिंह धोनी, वैंडन मैक्कुलम, मिस्बाह उल हक, आन्या श्रबसोले, कैथरीन ब्रंट, माहेला जयवर्धने और डेनियल विटोरी।

भारत में चार मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा इंग्लैंड

मुंबई, अगले वर्ष भारत की मेजबानी में आयोजित होने वाली भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में पांच की जगह चार मैच खेले जायेंगे। यह जानकारी बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने दी है। गांगुली ने बताया कि यह सीरीज फरवरी-मार्च 2021 में खेली जायेगी। इस सीरीज में एक मैच कम किया गया है, ताकि सीमित ओवर सीरीज को समायोजित किया जा सके। गांगुली ने बताया कि भारत दौरे पर इंग्लैंड को 4 मैचों की टेस्ट, 3 मैचों की वन-डे तथा 5 मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेलना है। पहले सीमित ओवर सीरीज में दोनों देशों को 3-3 मैचों की वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज खेलना था, जो सितम्बर 2020 में आयोजित होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित किया गया था। वर्ष 2021 में ट्वेंटी-20 विश्वकप को देखते हुये संशोधित कार्यक्रम में ट्वेंटी-20 मैचों की संख्या बढ़ाई गई है।

फीफा 17 दिसम्बर को वर्चुअली प्रदान करेगा अवॉर्ड

लुसाने, विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा द्वारा 17 दिसम्बर को वर्चुअल रूप से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अवॉर्ड प्रदान किये जायेंगे। पहले यह अवॉर्ड समारोह सितम्बर 2020 में आयोजित होना था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे दिसम्बर तक के लिये स्थगित किया गया था। फीफा द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इस वर्ष लोगों के स्वास्थ्य से ज्यादा जरूरी कुछ नहीं है। इसीलिये इस बार फीफा अवॉर्ड्स वर्चुअली प्रदान किये जायेंगे। फीफा अवॉर्ड्स में कई श्रेणियों में अवॉर्ड्स दिये जायेंगे, जिसके लिये 25 नवम्बर से 9 दिसम्बर तक वोटिंग होगी।

जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता

मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के 14 घुड़सवारों का चयन

भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के 14 घुड़सवारों ने 22 एवं 23 नवम्बर, 2020 तक मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी भोपाल में आयोजित रीजनल इक्वेस्ट्रियन लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाय कर लिया है। जूनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता दिल्ली स्थित आर्मी पोलो राइडिंग क्लब में 20 से 30 दिसम्बर, 2020 तक आयोजित की जाएगी।

मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी में दो दिन तक खेली गई रीजनल इक्वेस्ट्रियन लीग में जूनियर ग्रुप के सात, चिल्ड्रन ग्रुप-2 के तीन और चिल्ड्रन ग्रुप-वन के चार खिलाड़ियों का जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इसके अंतर्गत जूनियर ग्रुप में अकादमी के खिलाड़ी उमर अली, मीरा मलैया और हीरल जोशी ने डे साज, आदर्श राठौर, अंशप्रीत सिंह विन्द्रा आदित्य आयुष सिंह और राजू सिंह ने डे साज और जम्पिंग में क्वालिफाई किया। इसी तरह चिल्ड्रन ग्रुप-2 में अर्जुन सिंह, संस्कार राठौर और विनीत परिहार ने तथा चिल्ड्रन ग्रुप-1 में मो. हमजा आकिल, अर्जुन मलैया, ज्योति विश्वकर्मा और भोलू परमार ने ड्रेसाज और जम्पिंग में क्वालिफाई किया।

संचालक खेल और युवा कल्याण श्री पवन कुमार जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ियों ने अभी तक अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में 11 स्वर्ण, 04 रजत और 07 कांस्य सहित 22 पदक देश को दिलाये हैं।

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना का निधन

ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। वे 60 वर्ष के थे। माराडोना की दो सप्ताह पहले ही मस्तिष्क सर्जरी हुई थी।

माराडोना ने अर्जेंटीना के लिए 91 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 34 गोल किए हैं। उन्होंने 4 फीफा विश्वकप में अर्जेंटीना का प्रतिनिधित्व किया है। माराडोना वर्ष 1986 के विश्व कप में अपने दो गोल के लिए चर्चित रहे। उन्होंने ये गोल क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ किए थे। मैच में माराडोना ने पहला गोल हैडर के जरिए किया, इसमें गेंद माराडोना के हाथ को छूते हुए गोल पोस्ट में गई। इस गोल को 'हैंड ऑफ गॉड' कहा जाता है। इसके चार मिनट बाद माराडोना ने इंग्लैंड के पांच खिलाडियों को छकाते हुए डिवलिंग की और अकेले ही गोल किया। इस गोल को 'गोल ऑफ द सेंचुरी' कहा जाता है।

- **माराडोना को 1986 के फीफा विश्वकप में गोल्डन बॉल अवॉर्ड मिला था।**
- **माराडोना को वर्ष 2004 में फीफा 100 ग्रेटेस्ट लीविंग प्लेयर में शामिल किया गया था।**
- **माराडोना को वर्ष 2014 में इटैलियन फुटबॉल हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।**

एटीपी फाइनल्स

डेनिल मेदवेदेव पहली बार बने चैंपियन

लंदन, रूस के युवा टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने एटीपी फाइनल्स का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में मेदवेदेव ने ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम को कड़े मुकाबले में 4-6, 7-6, 6-4 से हराया। रोजर फेडरर की गैरमौजूदगी में राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच को खिताब का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन मेदवेदेव ने नडाल तथा थिएम ने जोकोविच को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी।

फाइनल मैच के पहले सेट में थिएम का दबदबा रहा। थिएम ने अपने बेजोड़ डिफेंस की बदौलत पहला सेट 6-4 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में मेदवेदेव ने थिएम के खिलाफ पलटवार किया। इस सेट में कांटे की टक्कर देखने को मिली। यह सेट टाईब्रेकर में गया, जहां

मेदवेदेव ने 7-6 से जीत दर्ज की। मैच के तीसरे सेट में मेदवेदेव पूरी तरह लय में नजर आये।

मेदवेदेव के आक्रामक शॉट का थिएम के पास कोई जवाब नहीं था। मेदवेदेव ने यह सेट 6-4 से जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया।

खिताब जीतने के बाद मेदवेदेव ने कहा कि यह खिताब काफी मायने रखता है। यह दर्शाता है कि जब मैं अच्छा खेल रहा हूं, जब मैं शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छा महसूस कर रहा हूं तो मैं अच्छे परिणाम देने में सक्षम हूं।

- **एटीपी फाइनल्स टूर्नामेंट के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब लगातार पांच वर्षों में पांच नए चैम्पियन बने हैं।**
- **मेदवेदेव और थिएम यूएस ओपन के सेमी फाइनल में भी भिड़े थे, तब खिताब थिएम ने जीता था।**
- **मेदवेदेव ने कुछ दिन पहले पेरिस मास्टर्स खिताब जीता था।**
- **मेदवेदेव ने अपने टेनिस कॅरियर में 9 एटीपी खिताब जीते हैं।**

ग्रेग बार्कले बने आईसीसी के चेयरमैन

दुबई, न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रमुख ग्रेग बार्कले को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया चेयरमैन चुना गया है। आईसीसी चेयरमैन का पद शशांक मनोहर के बाद रिक्त था। शशांक के बाद सिंगापुर के इमरान ख्वाजा को कार्यवाहक चेयरमैन बनाया गया था। आईसीसी की तिमाही बैठक के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रक्रिया में बार्कले को चेयरमैन चुना गया। उल्लेखनीय है कि मतदान प्रक्रिया में 16 बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स हिस्सा लेते हैं। चेयरमैन बनने के लिए दो तिहाई मतों की जरूरत होती है। बार्कले को 10 तथा ख्वाजा को 6 मत मिले।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

होंडुरास

तूफान एटा का कहर

होंडुरास में तूफान एटा और लोटा की वजह से तबाही मची हुई है। लोग बाढ़ में फंस गये हैं, वे क्षतिग्रस्त मकानों को छोड़कर

राहत शिविर में शरण ले रहे हैं। लोग पुलों के नीचे शरण लेने को मजबूर हैं। इंटरनेशनल रेडक्रॉस के अनुसार होंडुरास, निकारागुआ और ग्वाटेमाला में करीब 42 लाख लोग नवंबर में एक के बाद एक आये श्रेणी चार के तूफानों के कारण प्रभावित हुये हैं और हजारों की संख्या में सैन पेड्रो सुला में एकत्र होकर शरण लिये हुये हैं।

चीन ने चंद्रमा पर भेजा मानवरहित अंतरिक्ष यान

चांद की सतह के नमूने एकत्र करने के लिये चीन ने मानवरहित अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। इस अंतरिक्ष

यान का नाम चांग ई-5 है, यह नाम चीन में प्रचलित चंद्रमा की प्राचीन देवी के नाम पर रखा गया है। यान वहां से चट्टानों के सैंपल लायेगा जिससे चंद्रमा की उत्पत्ति और इसके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस अंतरिक्ष यान को विशेष परीक्षण के बाद प्रक्षेपित किया गया।

15वां जी-20 शिखर सम्मेलन

जी-20 देश एक नए विश्व की आधारशिला रख सकते हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सऊदी अरब द्वारा आयोजित 15वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। कोविड-19

- **जी-20 की प्रेसिडेंसी इटली को सौंपी गई।**
- **जी-20 की प्रेसिडेंसी 2022 में इंडोनेशिया, 2023 में भारत और 2024 में ब्राजील के पास होगी।**

महामारी के मद्देनजर यह शिखर सम्मेलन वर्चुअल माध्यम से संचालित किया गया था। सऊदी अरब की अध्यक्षता में आयोजित इस शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय सभी को 21वीं सदी में अवसर प्रदान करना था। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी से निपटने पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया गया। इस दौरान कोविड महामारी पर काबू पाने, आर्थिक सुधार लाने और नौकरियों को बहाल करने तथा एक समावेशी, टिकाऊ और लचीला भविष्य बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दौरान कहा कि कोरोना महामारी मानव इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है और कोविड महामारी दूसरे विश्व युद्ध के बाद की सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि जी-20 देशों को अपनी चर्चा को सिर्फ अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने, रोज़गार और व्यापार तक न रखकर पृथ्वी के संरक्षण पर भी विमर्श करना चाहिए। उन्होंने इसके लिए निर्णायक कार्रवाई का आह्वान किया और कहा कि हम सभी मानवता के भविष्य के न्यासी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना से उबरने के बाद नया वैश्विक सूचकांक बनाने की आवश्यकता होगी, जिसमें चार प्रमुख तत्व शामिल हैं। इसके अनुसार प्रतिभाओं के विशाल पूल का निर्माण हो, तकनीक की पहुंच समाज के हर वर्ग तक हो जाये, पारदर्शी शासन व्यवस्था हो और पृथ्वी के संरक्षण का भाव हो। इन चारों बातों को ध्यान में रखकर ही जी-20 के देश एक नए विश्व की आधारशिला रख सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशकों में पूंजी और वित्त पर अधिक जोर रहा है, लेकिन अब मल्टी-स्किलिंग और री-स्किलिंग पर जोर देने का समय आ गया है ताकि मानव प्रतिभाओं का विशाल पूल तैयार हो सके। यह न केवल नागरिकों की गरिमा को बढ़ाएगा बल्कि हमारे नागरिकों के सामने आने वाले संकटों का सामना करने के लिए उन्हें अधिक लचीला बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नई तकनीक का कोई भी आकलन जीवन को आसान बनाने तथा जीवन की गुणवत्ता पर पड़ने वाले इसके प्रभाव पर आधारित होना चाहिए। श्री मोदी ने शासन व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने की अपील की ताकि लोगों में आत्मविश्वास बढ़ाया जा सके और वे सभी साझा चुनौतियों से मुकाबले के लिए प्रेरित हों। प्रधानमंत्री ने सलाह दी कि अब घर से ही काम को निपटाना व्यवहार में आ गया है, इसलिए जी-20 देशों को एक वर्चुअल सचिवालय का गठन करना चाहिए, जिसमें दस्तावेजों का संग्रहण हो सके। शिखर सम्मेलन के अंत में जी-20 नेताओं का एक घोषणापत्र जारी किया गया, जिसमें एक समन्वित वैश्विक कार्रवाई, एकजुटता और बहुपक्षीय सहयोग का आह्वान किया गया जिससे वर्तमान चुनौतियों को दूर कर और लोगों को सशक्त बनाकर, गृह की सुरक्षा, नई संभावनाओं को आकार देकर सभी के लिए 21वीं सदी के अवसरों को प्राप्त किया

विश्व मत्स्य दिवस

मत्स्य क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य हुए पुरस्कृत

भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग ने 21 नवंबर को विश्व 'मत्स्य पालन दिवस' मनाया। इस अवसर पर मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री श्री प्रताप चन्द्र सारंगी मुख्य अतिथि थे। इस अवसर मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री श्री प्रताप चन्द्र सारंगी ने कहा कि विश्व मत्स्य दिवस, विश्व स्तर पर सोचने और स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमों के माध्यम से मत्स्य पालन से जुड़े अपने समुदायों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से हम मछुआरों, राष्ट्र और दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मत्स्य पालन एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो देश की सामाजिक-आर्थिक वृद्धि में अहम योगदान देता है। श्री सारंगी ने कहा कि यह क्षेत्र लाखों भारतीयों को पोषण सुरक्षा, आजीविका सहायता और रोज़गार प्रदान करने का दायित्व निभा रहा है। राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का उद्देश्य कुल अनुमानित राशि 20,050 करोड़ रुपये के निवेश से मछली उत्पादन और उत्पादकता, गुणवत्ता, प्रौद्योगिकी, उपज के बाद के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन, आधुनिकीकरण और मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ बनाने तथा मजबूत मत्स्य प्रबंधन ढांचा कायम करने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अंतराल दूर करना है।

पुरस्कृत राज्य

इस आयोजन के दौरान पहली बार मत्स्य पालन क्षेत्र में भारत सरकार ने 2019-20 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों - ओडिशा (समुद्री राज्यों के बीच), उत्तरप्रदेश (अंतर्देशीय राज्यों के बीच) और असम (पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के बीच) को पुरस्कृत किया। 2019-20 के लिए सर्वश्रेष्ठ संगठनों में पुरस्कृत किए जाने वाले संस्थानों में तमिलनाडु मत्स्य विकास निगम लिमिटेड (मरीन के लिए), तेलंगाना राज्य मछुआरा सहकारी समितियां फेडरेशन लिमिटेड (अंतर्देशीय के लिए) और असम एपेक्स सहकारी मछली विपणन और प्रसंस्करण फेडरेशन लिमिटेड (पहाड़ी क्षेत्र के लिए) शामिल हैं। इसके अलावा आंध्रप्रदेश के कृष्णा जिले को सर्वश्रेष्ठ समुद्री जिले और ओडिशा में कालाहांडी को सर्वोत्कृष्ट अंतर्देशीय जिले और असम के नौगांव को सर्वश्रेष्ठ पहाड़ी और पूर्वोत्तर जिले के रूप में सम्मानित किया गया।

अमेरिका

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कैबिनेट सदस्य बनाये

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी नई कैबिनेट के प्रथम चरण में छह सदस्यों को नियुक्ति दी है। इनमें एंटनी

ब्लिंकेन को सेक्रेटरी ऑफ स्टेट बनाया गया है। जेक सुलिवन को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, जॉन कैरी को जलवायु परिवर्तन मसले पर राष्ट्रपति का विशेष दूत बनाया गया है। एलजेंड्रो मेयरकस को सेक्रेटरी ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी, एवरिल हैन्स राष्ट्रीय इंटेलीजेंस एजेंसी की निदेशक और लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत बनाई गई हैं।

ग्वाटेमाला में सरकार विरोधी प्रदर्शन हुआ तेज

मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में लगातार सरकार विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं। दरअसल जब से सरकार ने 2021 के बजट

- **शिक्षा - स्वास्थ्य के बजट में कटौती कर दी, जबकि सांसदों के भोजन पर बजट बढ़ाया।**
- **लोगों ने आक्रोश में संसद भवन में आग लगाई।**

की जानकारी जनता को दी है तब से बजट असंतुलन को देखते हुए लोगों में आक्रोश बढ़ गया है।

ज्ञात रहे कि सरकार ने बजट में जनता की राय नहीं ली है। माना जा रहा है कि सांसदों के व्यय में बढ़ोत्तरी करना जनता

को नहीं भाया है। आरोप है कि सांसदों ने आपसी बातचीत से ही बजट को पारित कर दिया है। जबकि देश तूफानों और महामारी से जूझ रहा है। प्रदर्शनकारियों को काबू में लाने के लिये आंसू गैस के गोले भी छोड़े गये।

इजरायल की सेना ने हमास पर की बमबारी

इजरायल की सेना ने गाजा पट्टी से दागे गये रॉकेट हमले का जवाब देते हुये हमास के ठिकानों पर बमबारी की है। हालांकि किसी के भी हताहत होने की कोई खबर नहीं मिली है। दरअसल फिलिस्तीनी क्षेत्र से कई समूह अपनी गतिविधियां चलाते हैं। लेकिन इजरायल इस क्षेत्र से दागे जाने वाले सभी रॉकेट के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराता रहा है। फिर बदले में वह उसके ठिकानों पर हमला करता है। गौरतलब है कि इजरायल की सेना अभी तक हर हमले का तुरंत जवाब देती है। इस बार उसने बम बारी से जवाब दिया।

चीन की राजदूत

नेपाल के प्रधानमंत्री से मिलीं

नेपाल में चीन की राजदूत होऊयानकी ने पिछले सप्ताह नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा 'ओली' से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने नेपाल के प्रधानमंत्री को पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल से टकराव कम करने और पार्टी बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ओली ने बैठक में शामिल होने से इंकार कर दिया था। दरअसल ओली और प्रचंड के साथ केंद्रीय सचिवालय की बैठक हुई थी, जिसमें दोनों के बीच गहमागहमी हुई और ओली की नेतृत्व क्षमता पर प्रश्नचिंह लगा दिया गया।

उस बैठक में अपने समर्थकों सहित प्रचंड ने ओली से इस्तीफे की मांग की थी।

नौसेना में शामिल

स्वदेशी टॉरपीडो वरुणास्त्र

भारतीय नौसेना की स्वदेशी हेवीवेट टॉरपीडो वरुणास्त्र की पहली खेप नौसेना में शामिल हो गयी है। रक्षा

- **इसे चलाये जाने के बाद 40 किलोमीटर के दायरे में किसी भी जहाज या पनडुब्बी की तबाही निश्चित मानी जाती है।**

अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव डॉक्टर जी. सतीश रेड्डी और डीआरडीओ अध्यक्ष ने एक समारोह में इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञात रहे कि वरुणास्त्र नामक पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो जीपीएस की मदद से अपने लक्ष्य को भेद सकता है। एक टन

से अधिक वजनी वरुणास्त्र अपने साथ 250 किलो तक का वॉरहेड ले जा सकता है।

इसका गाइडेंस सिस्टम भी उन्नत है। इस स्वदेशी टॉरपीडो से भारतीय जंगी जहाजों और सिंधु क्लास सबमरीन को लैस किया जायेगा।

उमंग एप का अंतर्राष्ट्रीय वर्जन लॉन्च

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी, संचार तथा विधि एवं न्याय मंत्री

- **उमंग कुल 2039 सेवाएं उपलब्ध करा रहा है, जिसमें से केंद्र सरकार के 88 विभागों की 373 सेवाएं, 27 राज्यों के 101 विभागों की 487 सेवाएं और 1179 सेवाएं बिल भुगतान से संबंधित हैं।**
- **अब तक 3.75 करोड़ लोगों द्वारा उमंग एप्लीकेशन डाउनलोड किया गया है और 2.5 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं।**

रविशंकर प्रसाद की अध्यक्षता में उमंग एप के 3 वर्ष पूरे होने और दो हजार से अधिक सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर एक ऑनलाइन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय से श्री रविशंकर प्रसाद ने उमंग का अंतर्राष्ट्रीय वर्जन लॉन्च किया, जो कुछ चुने हुए देशों अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, नीदरलैंड, सिंगापुर और न्यूजीलैंड में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। यह भारतीय अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, अप्रवासी भारतीयों और भारत से विदेश जाने वाले पर्यटकों को मदद करेगा। विशेष रूप से भारत सरकार की सेवाएं किसी भी समय उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा उमंग पर मौजूद भारतीय संस्कृति संबंधी सेवाओं की मदद से यह दुनिया को विशेष तौर पर विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में अहम भूमिका निभाएगा। उमंग का अंतर्राष्ट्रीय वर्जन संबंधित देश में प्ले स्टोर पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारतीय दुनिया में कहीं भी रहें लेकिन अपनी मूल जड़ों से यानी भारत से जुड़े रहना चाहते हैं और इसीलिए भारत सरकार ने उमंग पर यह सेवाएं उपलब्ध कराई हैं। यह सेवाएं अप्रवासी भारतीयों के लिए विश्व के विभिन्न देशों में बहुत सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।